उज्जैन
बुधवार
16
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-313
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 जमीन अधिग्रहण पर 300 से ज्यादा किसान पहुंचे एसडीएम कार्यालय

7 रोहित शर्मा के क्लब में शामिल हुए संजू सैमसन



## स्वीपर की नौकरी तक नहीं मिलेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनोट, राखी सावंत के बयान पर भड़क गई हैं। राखी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक आपत्तिजनक कमेंट किया, जिस पर कंगना ने उन्हें फटकारते हुए कहा है कि ऐसे बयान देने वालों को कोई स्वीपर की नौकरी तक नहीं देगा। कंगना रनोट ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा है, सिर्फ यही (राखी) नहीं, बल्कि ज्यादातर नाकाम और जलने वाले लोग किसी कामयाब महिला के कैरेक्टर पर कीचड़ उछालकर अपनी जलन, ईर्ष्या, नाकामी और घटिया सोच को सही ठहराने की कोशिश करते हैं। लेकिन अब बहुत हो गया। ऐसी बार-बार और जानबूझकर की जाने वाली चरित्र हत्या और पब्लिक में बदनाम करने की कोशिशों को सहना बंद करना होगा। खुद को बेवजह अपमानित और आहत महसूस करना बंद करो और हर बात पर सफाई देना भी बंद करो। आगे कंगना ने लिखा, सफलता के लिए तुम भले ही अपना सबकुछ दांव पर लगा दो, लेकिन असली मजेदार बात तो ये है कि किसी को तुमसे कुछ चाहिए ही नहीं।

### देश

- बेंगलुरु में सालों से टूटा फुटपाथ देख सीईओ ने खुद कराया निर्माण, 2700 रुपये में बनाया रैंप
- हाईकोर्ट ने कहा मीडिया के सामने मृतक का बयान, अपने आप मृत्यु पूर्व बयान नहीं बन जाता
- बमबाजी में घायल महिला की मौत पर अयोध्या-लखनऊ में हंगामा, शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन, 22 दिन पहले बेटे की हत्या हुई थी
- मणिपुर में 2 कुकी महिलाओं की गोली मारकर हत्या, कई फार्महाउस जलाए 2023 से अब तक 306 लोगों की मौत
- पश्चिम बंगाल में टीएमसी के 10 बागी विधायकों को नोटिस, विधानसभा सचिवालय ने अयोग्यता याचिका पर 7 दिन में जवाब मांगा
- पश्चिम बंगाल- मुर्शिदाबाद में ब्लास्ट, कंटेनर से बम बरामद, यह रेजीनगर विधानसभा का इलाका, जहां 6 अक्टूबर को उपचुनाव, भाजपा बोली- विपक्ष को वोटिंग नहीं गोलियां पसंद
- सीआरपीएफ कोबरा यूनिट की पहली महिला आईजी बनीं संजुक्ताः 2006 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं, जंगलों में एके-47 लेकर घूमीं, असम से उग्रवाद खत्म किया

### विदेश

- डीपमाइंड के शोधकर्ता ने एआई से मानवता खत्म होने की जताई आशंका, कहा समय कम पड़ रहा
- मक्का में पहली बार मिसाइल अटैक का इमरजेंसी अलर्ट, हूती विद्रोहियों ने सऊदी पर हमला किया, 2017 में भी मक्का की ओर आई थी मिसाइल
- न्यूयॉर्क में भारतीय मूल की महिला ट्रेन से कटी, पटरी पर साथ बैठे नेपाली दोस्त की भी मौत, ड्राइवर बोला- महिला हंस रही थी
- ईरान में उड़ान भरते ही विमान का टायर फटा, बोइंग 737 के इंजन में भी खराबी आई, मशहद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई
- बंगाल की आईपीएल अफसर बुशरा बानो का ट्रांसफर, प्रतियोगी परीक्षाओं के उम्मीदवारों से 'इंशाअल्लाह-जजाकअल्लाह' कहा था

### व्यापार

- सोना 1036 रु. गिरकर 1.51 लाख पर आया, इस महीने 5 हजार सस्ता हो चुका, चांदी की कीमत आज 179 कम हुई
- भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौता 19 अक्टूबर से लागू होने की उम्मीद, भारतीय निर्यात पर ड्यूटी नहीं, 15 साल में 1.9 लाख करोड़ निवेश करेगा न्यूजीलैंड
- कार लोन 8% से भी कम ब्याज पर मिल रहाः यूनियन बैंक 7.50% पर दे रहा कर्ज, लोन लेते समय इसकी अवधि का ध्यान रखें

### कार्टून..




## गणेश विसर्जन शुरू- मुंबई में दूसरे दिन 2,859 मूर्तियां विसर्जित, कहीं डेढ़ दिन, कहीं 5 दिन में ही विजर्सन की परंपरा






ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई में गणेश उत्सव के दूसरे दिन से भगवान गणेश का विजर्सन शुरू हो गया है। मुंबई में मंगलवार को शाम 6 बजे तक भगवान गणेश की 2,850 से ज्यादा मूर्तियों को अलग-अलग जलाशयों में विसर्जित किया। यह 12 दिन तक चलने वाले उत्सव का पहला विसर्जन दिवस था। अलग-अलग परंपराओं के अनुसार, भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन स्थापना के डेढ़ दिन और पांच दिन बाद किया जाता है। इस साल गणेशोत्सव 25 सितंबर तक चलेगा। जो अनंत चतुर्दशी के साथ पूरा होगा। इस दिन जुलूस निकालकर मूर्तियों का जलाशयों में विसर्जन किया जाएगा।

## चारधाम यात्रा का दूसरा चरण शुरू

### भूस्खलन बन रहा चुनौती, केदारनाथ पैदल मार्ग बंद, हेली सेवा शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देहरादून

19 अप्रैल से शुरू हुई चारधाम यात्रा का पहला पड़ाव पूरा हो गया है। 15 सितंबर से यात्रा का दूसरा चरण शुरू हो गया है। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री सहित हेमकुंड साहिब में फिर से तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

चारधाम यात्रा के दूसरे चरण का आगाज मंगलवार से हो गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए सरकार की ओर से व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। आस्था के सामने खराब मौसम व यात्रा मार्गों पर भूस्खलन भी चुनौती बन रही है। केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा हेलीपैड के पास रविवार देर शाम पहाड़ी से पत्थर गिरने से एक घोड़ा संचालक और एक खच्चर गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिला आपदा प्रबंधन व प्रशासन की टीम मौके पर तैनात है। वहीं, पैदल मार्ग पर यात्रा तीसरे दिन भी बंद रही।

19 अप्रैल से शुरू हुई चारधाम यात्रा का पहला पड़ाव पूरा हो गया है। 15 सितंबर से यात्रा का दूसरा चरण शुरू होगा। बदरीनाथ,



केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री सहित हेमकुंड साहिब में फिर से तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। इसके लिए प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन, बीकेटीसी ने तीर्थयात्रियों के सुगम, सुरक्षित व व्यवस्थित दर्शन के लिए व्यवस्थाओं के इंतजाम किए हैं। यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को पंजीकरण अनिवार्य रूप से करना होगा। इसके लिए ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा है। चारधाम यात्रा में अब तक 50.50 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यमुनोत्री, गंगोत्री धाम में श्रद्धालुओं की संख्या नया रिकॉर्ड बना चुकी है। यात्रा अभी दो माह और चलेगी। सरकार को उम्मीद है इस बार श्रद्धालुओं की संख्या 60 लाख पहुंच सकती है।

### नहीं देना पड़ेगा शुल्क

चारधाम यात्रा के दूसरे चरण में बदरीनाथ व केदारनाथ धाम में आने वाले वीआईपी अतिथियों को दर्शन के लिए शुल्क नहीं देना पड़ेगा। बीकेटीसी की ओर से बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में प्रोटोकॉल के तहत वीआईपी अतिथियों के प्राथमिक दर्शन कराए जाते हैं। यात्रा के शुरुआत से धामों में वीआईपी अतिथियों की संख्या लगातार बढ़ने से बीकेटीसी ने 1100 रुपये प्रति यात्री शुल्क की व्यवस्था लागू की थी।

### हेलिकॉप्टरों ने भरी उड़ान

करीब सवा दो माह बाद केदारनाथ धाम के लिए 15 सितंबर से हेली सेवा शुरू हो गई। गुप्तकाशी, सिरसी व फाटा हेलीपैड से नौ एविएशन कंपनियों के हेलिकॉप्टरों ने उड़ान भरी। मौसम खराब रहने की स्थिति में हेलिकॉप्टरों को उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। 30 सितंबर तक हेली सेवा की टिकट फुल हो चुकी है। जबकि एक से 15 अक्टूबर तक की यात्रा के लिए केदारनाथ व हेमकुंड साहिब हेली टिकट बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट 22 सितंबर को खुलेगी।

## 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि, हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

इस वर्ष शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ रविवार, 11 अक्टूबर से होगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार जब नवरात्रि की शुरूआत रविवार या सोमवार को होती है, तो देवी का आगमन हाथी पर माना जाता है। इस बार मां दुर्गा के हाथी पर सवार होकर आने की मान्यता है। हाथी को सुख, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माना गया है। ऐसे में इस वर्ष नवरात्रि का आगमन शुभ संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

आश्विन शुक्ल प्रतिपदा तिथि का आरंभ 10 अक्टूबर की रात 9.19 बजे होगा और इसका समापन 11 अक्टूबर की रात 9.30 बजे होगा। उदया तिथि के अनुसार 11 अक्टूबर से नवरात्रि प्रारंभ होगी। इसी दिन घटस्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी।



नवरात्रि के नौ दिनों में देवी के नौ स्वरूपों की पूजा होगी। 12 अक्टूबर को मां ब्रह्मचारिणी, 13 को मां चंद्रघंटा, 14 को मां कृष्मांडा और 15 अक्टूबर को मां स्कंदमाता की पूजा होगी। 16 अक्टूबर को मां कात्यायनी, 17 अक्टूबर को मां कालरात्रि की आराधना की जाएगी। 18 अक्टूबर को महाअष्टमी और 19 अक्टूबर को महानवमी का पर्व मनाया जाएगा। 20 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ दुर्गा विसर्जन होगा।

### नवरात्रि का पूरा क्रम

**11 अक्टूबर-** प्रतिपदा, मां शैलपुत्री पूजा, घटस्थापना
**12 अक्टूबर-** द्वितीया, मां ब्रह्मचारिणी पूजा
**13 अक्टूबर-** तृतीया, मां चंद्रघंटा पूजा
**14 अक्टूबर-** चतुर्थी, मां कूष्मांडा पूजा
**15 अक्टूबर-** पंचमी, मां स्कंदमाता पूजा
**16 अक्टूबर-** षष्ठी, मां कात्यायनी पूजा
**17 अक्टूबर-** सप्तमी, मां कालरात्रि पूजा
**18 अक्टूबर-** अष्टमी पूजा
**19 अक्टूबर-** नवमी पूजा
**20 अक्टूबर-** दुर्गा विसर्जन और विजयादशमी

## राजपाल यादव एक्टिंग में माहिर भरोसा करना मुश्किल : सीजेआई

### चेक बाउंस मामले में आखिरी मौका दिया, कोर्ट से 14 बार आदेश, राजपाल ने नहीं माना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई



सुप्रीम कोर्ट ने एक्टर राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में 2 करोड़ रुपए जमा करने के लिए आखिरी बार 2 हफ्ते का समय दिया है। यह रकम सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री में जमा करनी होगी। यह मामला वित्तीय विवाद से जुड़ा है। कोर्ट ने अभिनेता को अपना पासपोर्ट सरेंडर करने का भी आदेश दिया है। कोर्ट ने उनके पुराने रवैये को देखते हुए भरोसा जताने में भी संदेह जाहिर किया।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, 'उनके पुराने रवैये को देखते हुए। कोई उन पर भरोसा कैसे कर सकता है? वे बॉलीवुड में ड्रामा और एक्टिंग करने में माहिर हैं। कोर्ट में भी वही कर रहे हैं।' चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने राजपाल यादव को अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी से मिली राहत जारी रखी है। अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को होगी। राजपाल यादव से जुड़े चेक बाउंस मामले में पिछले 3 सालों में हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक 15 बार सुनवाई हुई जिसमें कोर्ट ने कभी भुगतान करने और कभी समझौते की बात कही। लेकिन हर बार राजपाल ने बात नहीं मानी। इससे पहले ट्रॉयल कोर्ट में भी मामला 6 साल चला। निचली अदालत ने राजपाल को दोषी ठहराया था और जुमार्ना लगाया। हालांकि तब उनसे भुगतान करने की बात नहीं की गई थी।

### भारत में ऑनलाइन सट्टे का 10 लाख करोड़ का बाजार

## बैन के बावजूद रोज डेढ़ करोड़ लोग दांव लगा रहे

### 854 इन्फ्लुएंसर प्रचार कर रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कानून सख्त होने के बावजूद इसका बाजार खत्म नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश में इसका अवैध बाजार करीब 10 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। कानून से बचने के लिए प्लेटफॉर्म विदेश शिफ्ट किए गए हैं। सट्टेबाजी चलाने के लिए म्यूल बैंक खाते, टेलीग्राम समूह, नए डोमेन और विदेशी सर्वर का इस्तेमाल किया जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 15 अवैध ऑनलाइन सट्टा प्लेटफॉर्म पर 540 करोड़ से ज्यादा विजिट दर्ज हुईं। यानी औसतन हर दिन करीब 1.48 करोड़ बार इन मंचों तक पहुंच बनाई गई। वहीं, 854 इन्फ्लुएंसर भी सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के प्रचार में शामिल मिले। संसद ने 2025 में ऑनलाइन मनी गेम पर रोक लगाने



वाला कानून पारित किया। यह 1 मई 2026 से प्रभावी है। कानून लक या कौशल, दोनों तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी, उनके प्रचार और भुगतान सुविधा पर रोक लगाता है। इसके बावजूद निजी मैसेजिंग समूह, सरोगेट विज्ञापन, इन्फ्लुएंसर और एजेंट विदेश से चलने वाले सट्टेबाजी मंचों तक यूजर्स को पहुंचा रहे हैं।

### हर यूजर से जुड़े 6 लोग प्रभावित

- रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में 8 करोड़ वयस्क सट्टे की लत से जूझ रहे हैं। इसका असर सिर्फ सट्टा खेलने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। हर यूजर से औसतन 6 लोग प्रभावित होते हैं।
- रिपोर्ट के मुताबिक, 60% यूजर पैसे हारते हैं। इससे इलाज और पढ़ाई प्रभावित हो सकती है और इसका असर पीढ़ियों तक रह सकता है।
- ऑनलाइन गेमिंग में पैसे वाले खेलों के दौरान भ्रामक डिजाइन, लत बढ़ाने वाले एल्गोरिदम, बॉट और एजेंट का इस्तेमाल किया जाता है। जीत मिलने पर यूजर को इनाम का अहसास होता है। हारने के बाद रकम वापस पाने के चक्कर में अगला और बड़ा दांव लगाने की कोशिश होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, लत के तीन संकेत हैं–नियंत्रण खोना, सट्टे को प्राथमिकता देना और नुकसान के बावजूद खेलते रहना।

## ट्रक से कटकर सिर धड़ से 10 फीट दूर गिरा

### पहिया गर्दन के ऊपर से निकला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ झांसी

झांसी में मंगलवार को नेशनल हाईवे पर ट्रक ने बाइक सवार सफाईकर्मी को रौंद दिया। ट्रक का पहिया सफाईकर्मी की गर्दन के ऊपर से निकल गया। हादसे में उसका सिर धड़ से अलग होकर करीब 10 फीट दूर जा गिरा। बाइक ट्रक के अगले हिस्से में फंस गई।

हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भागने लगा। करीब 200 मीटर तक बाइक ट्रक में फंसी सड़क पर घिसटती रही और चिंगारी उठती रही। हादसा सुबह करीब 11 बजे बड़ागांव थाना क्षेत्र में हुआ। सफाईकर्मी ड्यूटी पर जा रहे थे। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बाइक नंबर से शिनाख्त कर घरवालों को सूचना दी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के महाराजपुरा निवासी ब्रजलाल कुशवाहा (50) गुरसराय ग्राम पंचायत में सफाईकर्मी के पद पर तैनात थे। मंगलवार सुबह वह घर से ड्यूटी के लिए बाइक से निकले थे। झांसी-कानपुर हाईवे के ग्वालियर रोड पर पहुंचते ही पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

### भोपाल में 700 पेड़ काटने पर एनजीटी का बड़ा आदेश

## 30 सितंबर तक लगाने होंगे 7000 पौधे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल


कलियासोत और भोज वेटलैंड क्षेत्र में पौधरोपण के लिए जमीन तैयार करने के नाम पर कथित तौर पर काटे गए 700 से अधिक पेड़ों के मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने अहम निर्देश दिए हैं। मंगलवार को भोपाल स्थित एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच ने वन विभाग और सामाजिक वानिकी विभाग को काटे गए पेड़ों की संख्या से 10 गुना पौधरोपण करने का आदेश दिया। इसके तहत कुल 7000 पौधे लगाए जाएंगे।

ट्रिब्यूनल ने पौधरोपण का काम 30 सितंबर तक पूरा करने और इसकी कार्रवाई रिपोर्ट फोटो सहित पेश करने को कहा है।

मामला कलियासोत और भोज वेटलैंड क्षेत्र से जुड़ा है, जहां पौधरोपण के लिए जमीन तैयार करने के नाम पर बड़ी संख्या में पेड़ों को काटे जाने और उनके बचे हिस्सों को जेसीबी की मदद से उखाड़े जाने की बात सामने आई थी। इस मामले में याचिकाकर्ता नितिन सक्सेना की याचिका पर सुनवाई के दौरान पेड़ों की कटाई और उसके बाद पौधरोपण की स्थिति को लेकर एनजीटी के समक्ष पक्ष रखा गया।

### याचिकाकर्ता ने 700 से अधिक पेड़ काटे जाने की बात कही

सुनवाई के दौरान एनजीटी ने स्पष्ट किया कि जिन 700 पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है, उनके बदले वन विभाग और सामाजिक वानिकी विभाग को दस गुना पौधे लगाने होंगे। इस तरह कुल 7000 पौधों का पौधरोपण किया जाना है। ट्रिब्यूनल ने इसे प्रतिपूरक पौधरोपण के रूप में करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही केवल पौधे लगा देना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उनके 100 प्रतिशत सर्वाइवल यानी जीवित रहने को सुनिश्चित करना होगा। इस व्यवस्था के तहत पौधरोपण के बाद लगाए गए पौधों की स्थिति भी महत्वपूर्ण होगी। एनजीटी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि पौधरोपण की प्रक्रिया निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी की जाए और कार्रवाई की रिपोर्ट फोटो सहित प्रस्तुत की जाए। याचिकाकर्ता नितिन सक्सेना की ओर से ट्रिब्यूनल के समक्ष बताया गया कि क्षेत्र में 700 से अधिक पेड़ों की कटाई की गई है। याचिका में यह भी बताया गया कि पेड़ों की कटाई के लिए आवश्यक राशि राजस्व विभाग में जमा कराई जा चुकी है, इसके बावजूद अब तक पौधरोपण नहीं किया गया।



## गणेश गैलरी



बक्षीबाजार मे सिद्धवीर हनुमान मंदिर के पास स्थापित त्रिमुख गणेश

## अपनेतक

# गले की फांस बना, सिंहस्थ रोड चौड़ीकरण

सराफा क्षेत्र स्थित प्राचीन खड़े हनुमान मंदिर के विस्थापन और चार मस्जिदों को आंशिक अथवा पूर्णतः हटाये जाने का मामला स्थानीय प्रशासन के लिए गले में हड्डी फंसने जैसा हो गया है. उज्जैन जैसे अत्यंत संवेदनशील स्थान पर पिछले 12 दिनों के दौरान तेजी से उभरे इस मसले ने राज्य सरकार के सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों के लिए बनाये गए करोड़ों रूपए की लागत वाले रोड चौड़ीकरण प्रोजेक्ट की पूर्णता पर ही सवालिया निशान लगा दिया है.

नगर निगम प्रशासन द्वारा ताबड़तोड़ रोड चौड़ीकरण का मुद्दा लगभग एक साल से लगातार विवादों के केंद्र में है. इसका मूल कारण सभी पार्टियों को विश्वास में नहीं लिया जाना और अनियोजित तरीकों से इन प्रोजेक्ट्स को कार्यान्वित करना रहा है. इन प्रोजेक्ट्स के चलते बड़ी संख्या में दुकानदार और मकानदार प्रभावित हुए हैं. एक लम्बे अरसे से ट्रैफिक व्यवस्था भी चरमराई हुई है जिसने समूची आबादी को हलकान किया हुआ है. न केवल प्रभावित लोग, बल्कि शहर के बाशिंदे तक व्यापक सड़क चौड़ीकरण अभियान के औचित्य को समझ नहीं पा रहे हैं. लोगों के मन में सवाल है कि उज्जैन जैसी अति-प्राचीन नगरी के पुरातन वैभव और पहचान चिन्हों और स्थानों को आखिर क्यों एक-के-बाद-एक ध्वस्त किया जा रहा है.

खड़े हनुमान मंदिर के विस्थापन को लेकर जो ताजा विवाद सामने आया है, उसको लेकर प्रशासनिक अदूरदर्शिता की बड़ी चर्चा है. कंठाल से छत्री चौक रोड चौड़ीकरण के तहत इस मूर्ति को टंकी चौक पर विस्थापित किया जाना है और करीब एक पखवाड़े पूर्व मंदिर के पुजारी और सर्व-सम्बंधित पक्षों के बीच सहमति बन गई थी. इसी के चलते नए स्थान पर व्यवस्थित तरीके से पर्याप्त स्पेस देकर स्थाई निर्माण कर दिया गया था. इतना ही नहीं, कोई 10 दिन पहले वर्तमान मंदिर के स्ट्रक्चर को हटाने की प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई थी और मूर्ति के आस-पास खुदाई का कार्य भी संपादित किया गया था. इस कवायद में मूर्ति को कोई क्षति न पहुंचे और आस-पास के लोगों के आक्रोश को देखते हुए विस्थापन का कार्य रोक दिया गया जो आज भी ठंडा ही पड़ा हुआ है.

जिस तरह की जनभावनाएं सामने आई हैं और क्षेत्र के पार्षद, महापौर, विधायक और सांसद ने उनकी आड़ में रोड चौड़ीकरण से पल्ला झाड़ लिया है, स्थानीय प्रशासन तो हैरान और परेशान है ही, सरकार के अलम्बदारों के होंसले भी पस्त हो गए हैं. असल में, रोड चौड़ीकरण का मुद्दा ही अब हाशिये पर जाता दिख रहा है. स्थिति इस तरह की बन गई है कि मूर्ति को विस्थापित करने का कदम तभी सफल होगा जब मस्जिदों को हटाये जाने को लेकर स्थिति स्पष्ट की जाए. और यदि, मूर्ति का विस्थापन नहीं होता और मस्जिदों को नहीं हटाया जाता, तो दूसरे रोड चौड़ीकरण के प्रोजेक्ट्स को प्रभावित दुकानदार और मकानदार शायद ही सपोर्ट करें. ऐसे में सिंहस्थ की महत्वपूर्ण तैयारियों पर ग्रहण लग सकता है.

हालांकि वरिष्ठ प्रशासनिक अफसर पिछले दो-तीन दिनों से मूर्ति विस्थापन और मस्जिद हटाये जाने को लेकर नए सिरे से रणनीति बनाने में सक्रिय हैं, संकेत नहीं मिल रहे हैं कि अब कोई भी धार्मिक ढांचे को छेड़ा जा सकेगा. प्रमुख जनप्रतिनिधियों और भाजपा संगठन के माध्यम से विश्व हिन्दू परिषद् और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को राजी करने के प्रयासों को भी झटका लगा है. दोनों ही संगठनों के मालवा क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारियों ने मूर्ति विस्थापन को लेकर प्रशासन और शासन के पक्ष का समर्थन करने से मना कर दिया है. उनके अनुसार धार्मिक विषय पर जनभावनाएं सर्वोच्च होती हैं और वे किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करने वाले. विहिप इस मामले में अगले दिनों में एक रैली भी निकालने वाली है जिसमें एक ज्ञापन के माध्यम से खड़े हनुमान मंदिर के मौजूदा स्थल को ही सुन्दर रूप से विकसित करने की मांग की जाएगी. 17 सितम्बर को संघ के मुखिया मोहन भागवत दो कार्यक्रमों में हिस्सा लेने उज्जैन आ रहे हैं और इसीलिए प्रशासन को कहीं से भी रोड चौड़ीकरण प्रोजेक्ट्स पर आगे बढ़ने के लिए समर्थन नहीं मिल रहा है.

## महाकाल परिवार ने स्थापित की नागपुर से आई सात फीट की ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा

**उज्जैन।** पटनी बाजार स्थित मोदी की गली में महाकाल परिवार द्वारा नागपुर से लाई गई सात फीट ऊंची ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई है। महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी श्री प्रदीप पुजारी के सौजन्य से यह प्रतिमा लगातार 10वें वर्ष यहां मंगाई गई है। इस आकर्षक प्रतिमा का निर्माण शुद्ध सात प्रकार की मिट्टी, गंगा जल और समुद्र के जल से किया गया है। नागपुर के कलाकारों द्वारा एक माह की मेहनत से तैयार की गई यह पूर्णतः ईको फ्रेंडली प्रतिमा है, जो विसर्जन के दौरान तुरंत जल में घुल जाएगी। महाकाल परिवार के अनिल शर्मा और विनोद शर्मा ने बताया कि स्थापना के अवसर पर गोधूलि बेला में पंडित वेदांत व्यास द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाआरती संपन्न कराई गई। उत्सव के दौरान प्रतिदिन एक नया परिवार यजमान बनकर महाआरती का लाभ लेगा।


### पौराणिक ग्रंथ स्कंदपुराण के अवंतिखण्ड मे भगवान रामचन्द्रजी के वनवास काल मे अवंतिका आने का उल्लेख

# गणेशोत्सव विशेष: संतान सुख के लिए पूजे जाते मोदक प्रिय गणेश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन (पं. राहुल शुक्ल)

बाबा महाकालेश्वर की पावन नगरी मे उनके पुत्र गणेश के भी छः पुरातन चमत्कारी मंदिर हैं । प्रसिद्ध छः विनायक मे से एक हैं शिप्रातट स्थित मोदक प्रिय गणेश। योगीपुरा मे गुरू अच्युतानंद अखाडे के समीप छोटे से मंदिर मे विराजित हैं मोदक प्रिय गणेश। पाषाण की सुन्दर मूर्ति अतिप्राचीन है। पौराणिक ग्रंथ स्कंदपुराण के अवंतिखण्ड मे भगवान रामचन्द्रजी के वनवास काल मे अवंतिका आने का उल्लेख है और इस दौरान श्रीराम ने जानकी व भ्राता लक्ष्मण के साथ गणेशजी की आराधना की थी। शिप्रातट पर भगवान राम ने सपत्नीक मोदक प्रिय गणेश की पूजन पूरे विधि-विधान से की थी। मोदक प्रिय गणेश की मूर्ति बहुत ही सुन्दर व मनोहारी है। मूर्ति जीवंत प्रतीत होती है और विघ्नहर्ता बहुत ही प्रसन्न मुद्रा मे दिखते हैं।



### संतान सुख की कृपा बरसाते मोदक प्रिय

मंदिर के पुजारी पं आर्यन विशाल शुक्ल ने चर्चा मे बताया कि अतिप्राचीन मोदक प्रिय गणेश मूर्ति बडी चैतन्य है और इनके दर्शन मात्र से अभिष्ट की प्राप्ति होती है। मोदक का एक अर्थ लड्डू या बालक भी होता है। गणेशजी सभी का मंगल करनेवाले देव हैं। मोदक प्रिय गणेशजी निःसंतान दंपत्तियों के जीवन मे प्रसन्नता व उमंग लाते हैं। पूर्ण श्रद्धा से यदि मोदक प्रिय गणेश की आराधना की जाती है तो निश्चित ही पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। मनोरथ पूर्ण होने पर श्रद्धालु भगवान को सिन्दूर का चोला और मोदक नेवैद्य के रूप मे अर्पित करते हैं। प्रति बुधवार मंदिर मे दूर दूर से श्रद्धालु आते हैं । गणेशोत्सव के दौरान प्रतिदिन मोदक प्रिय गणेशजी का दुगधाभिषेक होता है और विधि-विधान से पूजा की जाती है। भोलेनाथ की नगरी मे शिवसुत के छट-विनायक मंदिर बहुत प्राचीन व पौराणिक महत्व के हैं। छट विनायक यात्रा का भी विशेष धार्मिक महत्व है और श्रद्धालु पूरी आस्था से ये दर्शन यात्रा करते हैं।

# सेवा को साधना बनाने वाले कर्मियों का सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन अनुरूप श्रावण-भादौ माह में श्री महाकालेश्वर मंदिर में निरंतर सेवा एवं समर्पण भाव से कार्य करने वाले मंदिर कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, सफाई एवं हाउसकीपिंग कर्मियों का सम्मान किया गया। इन कर्मियों के समर्पित प्रयासों से श्रावण-भादौ में लगभग 1 करोड़ 88 लाख श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित दर्शन कराने में सफलता मिली। इस अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्री रोशन कुमार सिंह तथा प्रशासक एवं अपर कलेक्टर श्री प्रथम कौशिक द्वारा कर्मियों का सम्मान किया गया।



कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना के अनुरूप श्रावण-भादौ में बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने में मंदिर समिति के कर्मचारियों एवं सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दिव्यांगजन, बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं सहित सभी श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए कर्मचारियों ने तत्परता, संवेदनशीलता और सेवा भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि आगामी सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए इसी सेवा भावना, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं समर्पण के साथ कार्य करना आवश्यक है।

## तपोभूमि में 10 दिन तक मोबाइल और टीवी से दूर रहकर साधना करेंगे 350 श्रावक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

दशलक्षण महापर्व के अवसर पर श्री महावीर तपोभूमि में 16 से 25 सितंबर तक 10 दिवसीय श्रावक संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज के आशीर्वाद से आयोजित इस शिविर में देशभर से आए 350 से अधिक श्रावक मोबाइल, टीवी, अखबार और बाहरी दुनिया से पूरी तरह दूर रहकर पूर्ण संयम के साथ आत्म-साधना करेंगे। समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि शिविरार्थियों में समानता और शुद्धता बनाए रखने के लिए ट्रस्ट की ओर से महिलाओं को साड़ियां और पुरुषों को धोती-दुपट्टा प्रदान किए जाएंगे। संपूर्ण 10 दिनों तक साधक इन्हीं शुद्ध वस्त्रों में रहेंगे। भोजशाला में भी जैन मयार्दाओं का पालन करते हुए शुद्ध वस्त्र धारण किए रसोइयों द्वारा ही भोजन तैयार कर परोसा जाएगा। यह शिविर जबलपुर से आईं ब्रह्मचारिणी प्रभा दीदी और वासु भैया के सानिध्य में संपन्न होगा। शिविरार्थियों की दिनचर्या सुबह ब्रह्म मुहूर्त से शुरू होकर रात्रि विश्राम तक धर्म-आराधना में बीतेगी।

# जनसुनवाई में शिकायत के बाद पुलिस ने की कार्रवाई, नोटिस देकर छोड़ा

### तीन महीने से फरार आरोपी को जनसुनवाई से पुलिस ने किया गिरफ्तार, अन्य दो आरोपी अभी भी फरार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अपनी पत्नी और उसके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी देने और मारपीट करने के मामले में लगभग तीन महीने से फरार चल रहे एक आरोपी को मंगलवार को जनसुनवाई से गिरफ्तार कर लिया गया। माधवनगर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर नोटिस थमा दिया है। मामले में दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं।

मामला 19 जनवरी 2026 का है, जब फरियादिया रुखसाना ने महिला थाने में अपने पति के खिलाफ तीन तलाक और मुस्लिम विवाह अधिकार संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत मामला दर्ज कराया था। इसके बाद वह जिला न्यायालय में पति की जमानत पर आपत्ति लेने गई थी। इसी दौरान कोर्ट के बाहर उसके चाचा ससुर उमर खान, पति इरफान और अरशद शाह ने उसके और उसके परिवार के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

रुखसाना ने 18 जून 2026 को माधवनगर थाने में इन तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। तब से आरोपी उमर खान फरार चल रहा था। मंगलवार को जनसुनवाई में रुखसाना और उसका परिवार अधिकारियों के सामने अपनी शिकायत रखने पहुंचा था। इसी दौरान उन्होंने उमर खान को भी वहां देखा। पीड़ित पक्ष ने तुरंत अधिकारियों को बताया कि यह वही आरोपी है जो महीनों से फरार है और लगातार उन्हें केस वापस लेने की धमकी दे रहा है।

### माधवनगर पुलिस ने की कार्रवाई

अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत माधवनगर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी उमर खान को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे नोटिस देकर छोड़ दिया गया। इस मामले में इरफान और अरशद शाह अभी भी फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

एफआईआर के अनुसार, 19 जनवरी को जब रुखसाना अपने भाई आरिफ गनी, पिता उस्मान गनी और भाई के दोस्त समीर के साथ न्यायालय के बाहर थी, तब उमर खान ने उन्हें रोका और अश्लील गालियां दीं। उमर खान ने धमकी दी थी कि वह तीन तलाक का केस वापस ले ले, नहीं तो वह उन्हें जान से मार देगा।

# शांतिनाथ मंदिर में आज से शुरू होगा दशलक्षण महापर्व

### मुनि प्रणीत सागर के सानिध्य में 1008 अर्घ्यावली और 22 परिषह ध्यान का होगा संगम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

लक्ष्मी नगर और सेठी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण दशलक्षण महापर्व का भव्य आयोजन 16 से 25 सितंबर तक किया जाएगा। यह 10 दिवसीय आयोजन मुनि प्रणीत सागर और क्षुल्लक विधेय सागर ससंघ के सानिध्य में होगा। इसमें गणाचार्य विराग सागर और पट्टाचार्य विशुद्ध सागर का शुभाशीष प्राप्त है। शांतिनाथ ट्रस्ट मंडल, चातुर्मास समिति 2026, शांतिनाथ महिला मंडल एवं सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में यह कार्यक्रम होगा।

ट्रस्ट सचिव सुशील लुहाड़िया व समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि मुनि प्रणीत सागर का वर्तमान चातुर्मास यहीं हो रहा है। मुनि ने संदेश दिया कि पर्युषण पर्व अपने ज्ञात-अज्ञात दोषों की आलोचना करने का अद्भुत अवसर है, इसलिए इस आत्मशुद्धि के महायज्ञ में अवश्य शामिल हों।

कार्यक्रम के तहत रोजाना सुबह 5.30 बजे से सामायिक, प्रतिक्रमण, भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, नित्य-नियम व दशलक्षण धर्म की पूजा होगी। सुबह 8.30 बजे से 250 विद्यार्थियों द्वारा तत्त्वार्थ सूत्र वाचन, विशेष प्रवचन, तत्त्व-चर्चा व आहारचर्या संपन्न होगी। दोपहर 1.30 से 4 बजे तक 10 महाविधान व 1008 अर्घ्यावली तथा शाम 6.30 से 7.15 बजे तक 22 परिषह ध्यान व श्रावक प्रतिक्रमण होगा। शाम को भव्य आरती, भक्तामर दीपार्चना, शास्त्र सभा और मुनि के मंगल प्रवचन होंगे।

पर्व के पहले दिन बुधवार 16 सितंबर को उत्तम क्षमा धर्म की आराधना की जाएगी। मुनि ने बताया कि क्षमा वीरों का आभूषण है। आज व्यक्ति छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित हो जाता है। उत्तम क्षमा सिखाती है कि दूसरों की गलती भूलकर और अपनी गलती के लिए क्षमा मांगकर मन को पवित्र किया जाए।

दशलक्षण पर्व के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धर्मों की आराधना, विधान और ध्यान होंगे। इसके तहत 16 सितंबर को उत्तम क्षमा धर्म, जिन चतुर्विंशतिका विधान, 26 इलायची से अर्घ्य व क्षुधा-पिपासा परिषह ध्यान होगा। 17 सितंबर को उत्तम मार्दव धर्म, एकीभाव विधान, 25 बादाम से अर्घ्य व शीत-उष्ण परिषह ध्यान, 18 को उत्तम आर्जव धर्म, विषापहार विधान, 40 लवंग से अर्घ्य व दंशमशक-नग्नता परिषह ध्यान, 19 को उत्तम शौच धर्म, तत्त्वार्थ सूत्र विधान, 357 चारोली से अर्घ्य व अरति-स्त्री परिषह ध्यान, 20 को उत्तम सत्य धर्म, निर्वाण क्षेत्र विधान, 46 काजू से अर्घ्य व चर्या-निषद्या परिषह ध्यान, 21 को उत्तम संयम धर्म, रत्नत्रय विधान, 23 धूप से अर्घ्य व शय्या-आक्रोश परिषह ध्यान, 22 को उत्तम तप धर्म, विशुद्ध सागर विधान, 72 अक्षत से अर्घ्य व वध-याचना परिषह ध्यान, 23 को उत्तम त्याग धर्म, गुण संपत्ति विधान, 63 मणि-रत्न से अर्घ्य व अलाभ-रोग-तृण स्पर्श परिषह ध्यान, 24 को उत्तम आकिंचन्य धर्म, रत्नत्रय विधान, 248 पुष्प से अर्घ्य व मल-सत्कार पुरस्कार परिषह ध्यान और 25 सितंबर को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म, अंगारी गुण विधान, 108 श्रीफल से अर्घ्य व प्रज्ञा-अज्ञान-अदर्शन परिषह ध्यान संपन्न होगा।

आयोजन में पुण्यार्जक के रूप में जितेंद्र बोनी-रानू जैन, संजय-सारिका लुहाड़िया, देवेंद्र-सपना सिंघई, शशि जैन, लोकेश-निलज छाबड़ा, राकेश-मुदुला जैन, भक्तामर महिला मंडल, वीरबाला कासलीवाल, सुशील-नीलम लुहाड़िया, मुकेश-ज्योति जैन, हीरालाल-सुधा बिलाला, शिल्पा-आशीष सोनी, बृजकिशोर-मनोज जैन, धर्मेंद्र-त्रिशला मलैया और ममता-सुबोध जैन परिवार शामिल होंगे।

आयोजन के लिए मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है। कार्यक्रमों में चातुर्मास समिति अध्यक्ष विजेंद्र जैन सुपारी वाला, सुनील जैन ट्रांसपोर्ट, देवेंद्र सिंघई, संयोजक मनोज जैन वकील साहब, सह संयोजक अशोक जैन, लोकेश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष धवल जैन, ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. पीसी जैन, सचिव सुशील लुहाड़िया, सुरेश कासलीवाल, सुबोध-ममता जैन और प्रदीप पांड्या सहित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट, संपूर्ण चातुर्मास समिति, सकल दिगंबर जैन समाज, महिला मंडल व युवा मंडल ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

### प्राचीन सप्तऋषि विग्रह का पूजन कर महिलाओं ने की क्षमा याचना, प्रायश्चित और सुख-समृद्धि की कामना

# ऋषि पंचमी पर गयाकोठा में उमड़ी श्रद्धालु महिलाओं की भीड़

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ऋषि पंचमी के अवसर पर गयाकोठा स्थित प्राचीन सप्तऋषियों के विग्रह के दर्शन-पूजन के लिए महिलाओं की भीड़ तड़के से ही मंदिर पहुंचना शुरू हो गई थी। सूर्योदय के साथ ही मंदिर परिसर में श्रद्धालु महिलाओं की लंबी कतार लग गई। महिलाओं ने सप्तऋषियों का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर जाने-अनजाने में हुए दोषों के लिए क्षमा याचना की तथा प्रायश्चित करते हुए परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी पं. विप्लव व्यास ने बताया कि सूर्योदय काल से ही बड़ी संख्या में महिलाएं सप्तऋषियों के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचने लगी थीं। श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार सप्तऋषियों का पूजन किया तथा व्रत एवं प्रायश्चित के माध्यम से आत्मशुद्धि का संकल्प लिया। दिनभर मंदिर में धार्मिक वातावरण बना रहा। ऋषि पंचमी केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय ऋषि परंपरा, ज्ञान, तप, संयम और पवित्रता की विरासत को स्मरण करने का अवसर भी है। सप्तऋषियों की उपासना के माध्यम से श्रद्धालु भारतीय संस्कृति में ऋषियों के योगदान और उनके द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं।



### ऋषि उत्तंग की पुत्री से जुड़ी है पौराणिक कथा

ऋषि पंचमी से जुड़ी पौराणिक मान्यता में ऋषि उत्तंग की पुत्री का उल्लेख मिलता है। कथा के अनुसार उनकी पुत्री ने जीवन में अनेक कष्ट झेले और कम उम्र में ही विधवा हो गई। विधवा होने के बाद वह अपने पिता के आश्रम में आ गई, लेकिन यहां भी उसके कष्ट कम नहीं हुए। पुत्री की पीड़ा देखकर ऋषि उत्तंग ने अपने योगबल से उसके दुखों के कारण का पता लगाया। मान्यता के अनुसार उन्हें ज्ञात हुआ कि पूर्वजन्म में उनकी पुत्री ने रजस्वला होने के दौरान धार्मिक नियमों का पालन नहीं किया था। उसने पवित्र बर्तनों को स्पर्श किया था तथा ऋषि पंचमी के व्रत के महत्व को जानते हुए भी उसका उपहास किया था। इसी दोष के कारण उसे जीवन में कष्ट भोगने पड़े।

## मां गढ़कालिका को लगा एक क्विंटल मोदक का महाभोग


ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शासकीय मुख्य पुजारी महंत टीनानाथ और गादीपति आदित्यनाथ ने अर्पित किया भोग, श्रद्धालुओं को बांटी महाप्रसादी । गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर शहर के ऐतिहासिक शक्तिपीठ मां गढ़कालिका मंदिर में माता को एक क्विंटल मोदक का महाभोग अर्पित किया गया। मंदिर के पूर्व गादीपति स्वर्गीय महंत दीपकनाथ की पत्नी एवं वर्तमान शासकीय मुख्य पुजारी महंत टीनानाथ और उनके पुत्र वर्तमान गादीपति नन्हे महंत आदित्यनाथ पुजारी द्वारा माता को यह विशेष महाभोग लगाया गया। भोग-आरती के पश्चात मंदिर प्रांगण में उपस्थित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के बीच मोदक की महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान दर्शनार्थियों ने उत्साह के साथ माता के दर्शन किए और महाप्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ लिया।



उज्जैन
बुधवार
16
सितम्बर, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### लगातार कार्रवाई, पहली बार प्रदेशभर में ब्लड बैंकों की भी जांच कर रहा खाद्य विभाग

**इंदौर।** अब तक खाद्य सुरक्षा की जांच का फोकस ज्यादातर छोटे होटल-रेस्टोरेंट और खाद्य संस्थानों तक सीमित रहता था, लेकिन पहली बार प्रदेश में फूड एंड ड्रग विभाग ने पूरी फूड चेन को एक साथ जांच के दायरे में लिया है। इंदौर समेत प्रदेशभर में चल रहे विशेष अभियान में फाइव स्टार होटल, बड़े रेस्टोरेंट, रिजॉर्ट और क्लब के किचन-स्टोर के साथ ब्लड सेंटरों की भी जांच की जा रही है। अगले चरण में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और हाईवे के बड़े भोजनालयों की बारी है। अधिकारियों का कहना है कि जहां आम आदमी के लिए भोजन तैयार हो रहा है, बिक रहा है या बड़ी मात्रा में सप्लाय हो रहा है, वहां तक टीम पहुंच रही है। जिलों के 26 ब्लड सेंटरों को भी जांच सूची में शामिल किया है। इंदौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर, सागर, मंदसौर, अशोकनगर, छिंदवाड़ा, शहडोल, जबलपुर और टीकमगढ़ के ब्लड सेंटरों के लिए ड्रग इंस्पेक्टरों की ड्यूटी लगाई है। इंदौर के एमपी थैलेसीमिया ब्लड सेंटर और आईआरएस, महू भी सूची में हैं।

### कार से 27 लाख रुपए चोरी, नौकर गिरफ्तार, 24.50 लाख बरामद

**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र में विकास स्वीट्स के सामने खड़ी कार से 27 लाख रुपए चोरी करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को मालिक के नौकर को गिरफ्तार किया है। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने आरोपी को पकड़कर उसके कब्जे से 24 लाख 50 हजार रुपए बरामद किए हैं। डीसीपी नरेंद्र रावत ने टीम के साथ मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 24 अगस्त 2026 को फरियादी गौरव मित्तल ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कार में 27 लाख रुपए रखे थे, जिन्हें उनके निजी ड्राइवर रोहित पुत्र स्व. लक्ष्मण सिंह कोसे ने मौका पाकर चुरा लिया और फरार हो गया। वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र से मिली जानकारी के आधार पर 15 सितंबर को घेराबंदी कर रोहित को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने 24 लाख 50 हजार रुपए बरामद किए। आरोपी ने बाकी रकम खर्च करना बताया है।

### इंदौर में बैंक से जुड़े सर्वेयर से 41 हजार ठगे

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में साइबर ठगी के 2 मामले सामने आए हैं। एक मामले में बैंक से जुड़े कर्मचारी के साथ ही ठगी की वारदात हो गई। वहीं दूसरे मामले में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने को लेकर एक युवक को लिंक भेजकर उसका अकाउंट खाली कर दिया। मंगलवार को पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठग युवती ने बताया- 2500 का चार्ज कटेगा तुकोगंज पुलिस ने शिव कुमार वर्मा, निवासी सोमनाथ की चाल की शिकायत पर मंगलवार को साइबर ठगी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। शिव ने बताया कि वह आईसीआईसीआई लोम्बार्ड कंपनी में सर्वेयर का काम करता है। उसका सैलरी अकाउंट इसी बैंक में है। 3 सितंबर को उसे प्रिया नाम की युवती ने कॉल किया और बताया कि वह बैंक कर्मचारी बात कर रही है। उसने अपना आईडी नंबर भी दिया, जिस पर शिवकुमार ने यकीन कर लिया। उसने बताया कि वह जो क्रेडिट कार्ड उपयोग कर रहा है, उस पर 2500 का चार्ज कटने वाला है। साथ ही सर्विस चालू और बंद करने को लेकर बात कही। तब शिवकुमार ने कहा कि वह यह सर्विस नहीं लेना चाहता। तब प्रिया ने बताया कि इसे बंद करवाने की लिमिट 70 हजार से घटकर 50 हजार कर दी गई थी। इसके बाद एक अन्य टोल-फ्री नंबर से कॉल आने की बात कही गई, वहीं ओटीपी आने पर बताने को कहा गया और एक रिक्वेस्ट डालने की बात कही गई। उसने 24 घंटे में सर्विस डीएक्टिवेट होने का दावा किया। बाद में कॉल कटने पर शिवकुमार ने बैंक के टोल-फ्री नंबर पर कॉल किया। उन्होंने बताया कि बैंक का ऐसा कोई अन्य नंबर नहीं है। इसके बाद पता चला कि अकाउंट से 41 हजार रुपये से अधिक रकम अन्य अकाउंट में ट्रांसफर हो गई है।

### करणी सेना का पदाधिकारी हत्या केस में गिरफ्तार



**इंदौर।** निरंजनपुर इलाके में करीब 10 दिन पहले हुई चंदर लोहार की हत्या के मामले में पुलिस ने करणी सेना के पदाधिकारी मान सिंह राजावत को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि चंदर की सूरज जाट, भूरा यादव और उनके साथियों ने गाय चोरी के आरोप में पिटाई की थी। इस दौरान मान सिंह भी उसके साथ मारपीट करते वीडियो में दिखाई दे रहा है। मामले में अब तक 4 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। करीब 10 दिन पहले सूरज जाट, भूरा यादव और उनके साथियों ने चंदर लोहार की पिटाई की थी। आरोप था कि चंदर ने डेयरी संचालक की गाय चुराई थी। गंभीर चोटों के कारण चंदर की रात में ही मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस के हाथ एक वीडियो लगा। इसमें करणी सेना के पदाधिकारी मान सिंह राजावत भी चंदर के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के आधार पर पुलिस ने मान सिंह को नामजद आरोपी बनाया और गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी सूरज जाट फरार है। वहीं, सूरज की पत्नी की ओर से उसके वकील ने कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें दावा किया गया है कि सूरज पुलिस की हिरासत में है और उसके साथ कोई अनहोनी हो सकती है।

### जेन-जी स्टाइल में छात्रों की गूंज का प्रचार, न ढोल-नगाड़े, न हार-फूल

# जींस-टीशर्ट में युवाओं के बीच पहुंच रहे कांग्रेसी, गिटार-डांस से बुलावा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में राहुल गांधी के 19 सितंबर के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए कांग्रेस ने प्रचार का तरीका बदल दिया है। इस बार न ढोल-नगाड़े हैं, न नेताओं के स्वागत में हार-फूल और बड़े मंच।

कांग्रेस नेता जींस-टीशर्ट पहनकर युवाओं के बीच पहुंच रहे हैं। कहीं गिटार पर गाने हो रहे हैं, कहीं डांस और नुक्कड़ नाटक के जरिए छात्रों से संवाद किया जा रहा है। इसी माहौल के बीच युवाओं को 19 सितंबर के कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 19 सितंबर को इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम से पहले कांग्रेस ने जेन-जी तक पहुंचने के लिए प्रचार का अलग तरीका अपनाया है। पार्टी का जोर बड़े राजनीतिक आयोजनों और भाषणों के बजाय युवाओं के बीच जाकर उनसे सीधे संवाद करने पर है। इसके लिए संगीत, कला, खेल और नुक्कड़ नाटक को प्रचार का हिस्सा बनाया गया है।




**जींस-टीशर्ट में नेता, युवाओं के बीच पहुंच रहीं रीना-** इस अभियान में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सबसे ज्यादा सक्रिय नजर आ रही हैं। वे अलग-अलग स्थानों पर नुक्कड़ नाटक की टीम और कलाकारों के साथ युवाओं के बीच पहुंच रही हैं। खासतौर पर युवतियों से संवाद कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी रवि दांगी भी इसी अंदाज में युवाओं से संपर्क कर रहे हैं। कहीं टूर्नामेंट आयोजित किए जा रहे हैं तो कहीं छोटे कार्यक्रमों के जरिए युवाओं से सीधा संवाद किया जा रहा है।

**राजनीति के प्रचार में पहली बार ऐसा प्रयोग-** आमतौर पर राजनीतिक कार्यक्रमों के प्रचार में रैली, बैनर, पोस्टर, ढोल-नगाड़े और नेताओं के औपचारिक दौरे दिखाई देते हैं। इसके उलट छात्रों की गूंज के प्रचार में संगीत, नुक्कड़ नाटक, खेल और अनौपचारिक पहनावे को जगह दी गई है। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि जेन-जी तक पहुंचने के लिए उनके बीच जाकर उनकी भाषा और उनके पसंदीदा माध्यमों से संवाद करना ज्यादा प्रभावी है।

कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता युवा कलाकारों के साथ कॉलेज, हॉस्टल और अन्य स्थानों पर पहुंच रहे हैं। कलाकार गिटार लेकर गाने गाते हैं, डांस करते हैं और नुक्कड़ नाटक के जरिए युवाओं से जुड़े मुद्दे सामने रखते हैं। इसके बाद कांग्रेस नेता युवाओं से बातचीत कर उन्हें छात्रों की गूंज कार्यक्रम में आने का न्योता देते हैं।

यानी इस प्रचार में पहले संवाद और मनोरंजन है, उसके बाद राजनीति। कांग्रेस की कोशिश है कि युवाओं को पारंपरिक राजनीतिक सभा में बुलाने के बजाय उनके बीच जाकर सहज माहौल में कार्यक्रम से जोड़ा जाए।

**मैदान में छात्रों ने खुद लिखा- छात्रों की गूंज-** अभियान के दौरान स्कूल विद्यार्थियों के बीच भी अलग दृश्य देखने को मिला। विद्यार्थियों ने मैदान में छात्रों की गूंज लिखकर कार्यक्रम के प्रति अपना उत्साह जताया। कांग्रेस इसे युवाओं के बीच अभियान को मिल रही प्रतिक्रिया के तौर पर देख रही है।

**पोस्टरों में न कांग्रेस का नाम, न नेताओं के पद-** इंदौर में कार्यक्रम को लेकर बड़ी संख्या में पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों की खास बात यह है कि इनमें कांग्रेस पार्टी का नाम नहीं लिखा गया है। हालांकि कांग्रेस नेताओं के फोटो दिखाई दे रहे हैं, लेकिन उनके राजनीतिक पद का उल्लेख भी नहीं किया गया है। इससे प्रचार को सीधे राजनीतिक सभा के बजाय छात्रों और युवाओं से जुड़े कार्यक्रम के रूप में पेश करने की रणनीति नजर आती है।

**कार्यक्रम की सफलता के लिए आज यज्ञ-हवन-** छात्रों की गूंज कार्यक्रम की सफलता के लिए राजवाड़ा स्थित प्राचीन वनखंडी हनुमान मंदिर परिसर में यज्ञ, हवन और पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-3 के प्रभारी दीपक जोशी (पिंटू), पूर्व प्रदेश महासचिव सन्नी पठारे और महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव अधिवक्ता साक्षी शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम में कुछ विघ्न आने की आशंका को देखते हुए हनुमान मंदिर में पूजन किया जाएगा। आयोजकों का आरोप है कि कार्यक्रम की अनुमति में देरी और अधिक राशि लेकर अनुमति देने जैसी बाधाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं बाधाओं के निवारण और कार्यक्रम की सफलता की कामना के लिए हनुमान जी का पूजन और यज्ञ-हवन किया जाएगा।

### 40 साल से रह रहे, अब मिलेगा जमीन का हक, 30 हजार लोगों को पट्टे

# कल नितिन नवीन करेंगे शुरूआत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 17 सितंबर को इंदौर आएंगे। उनका मुख्य कार्यक्रम सुपर कॉरिडोर मैदान में आयोजित होगा। यहां वे स्वामित्व योजना का शुभारंभ करेंगे।

खास बात राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मप्र में पहली बार आ रहे नितिन नवीन की कोई स्वागत रैली नहीं होगी। दरअसल उनकी व्यस्तता के मद्देनजर उनका यहां सिर्फ सरकारी कार्यक्रम ही होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत ऐसे लोगों को उनकी जमीन और मकान का अधिकार देने का काम किया जा रहा है, जो वर्षों से वहां रह रहे हैं, लेकिन उनके पास जमीन का वैध दस्तावेज या पट्टा नहीं है। इंदौर और आसपास के क्षेत्र के करीब 30 हजार लोगों को स्वामित्व के पट्टे दिए जाने की तैयारी है। योजना के तहत जिस स्थान पर व्यक्ति वर्षों से रह रहा है, उसी स्थान पर उसे स्वामित्व का अधिकार देने का प्रयास किया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों के लिए चार करोड़ से अधिक मकान बनाए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कई परिवारों ने यह समस्या बताई थी कि वे 40-40 वर्षों से अपनी जगह पर रह रहे हैं, लेकिन उनके पास जमीन का अधिकार या पट्टा नहीं है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर स्वामित्व योजना को आगे बढ़ाया गया। फाइनल प्लान मिलते ही उनकी सुरक्षा और ट्रैफिक प्लान पर खास फोकस रहेगा। उनकी सिक्युरिटी के लिहाज से कार्यक्रम स्थल, रुट मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल, कार्यक्रम स्थल पर सीसीटीवी कैमरे आदि को लेकर कसावट की जाएगी।

उधर, लाभार्थियों को आवाजाही में किसी प्रकार की परेशान न हो इसके लिए करीब 2 हजार बसों का इंतजाम किया जा रहा है। बारिश के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल पर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।



#### स्वागत रैली नहीं, सीधे कार्यक्रम में पहुंचेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष

विजयवर्गीय ने बताया कि नितिन नवीन का इंदौर दौरा सीमित समय का रहेगा। उनके स्वागत में कोई बड़ी रैली या शोभायात्रा आयोजित नहीं की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि वे केवल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इंदौर आएंगे। इसी दिन उनका उज्जैन और नीमच का दौरा भी रहेगा। हालांकि उनका अभी अधिकृत प्लान जारी नहीं हुआ है। बहरहाल. इंदौर जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी है। खासकर उनके रुट, कार्यक्रम स्थल, पार्किंग, सुरक्षा आदि को लेकर खास ध्यान रखा जा रहा है। इस कार्यक्रम में 50 हजार से ज्यादा लोग शामिल होंगे जिनमें 30 हजार लाभार्थी हैं जो आसपास के गांवों के हैं। दरअसल अभी उनका दिल्ली से फाइनल प्लान जिला प्रशासन को नहीं मिला है।

### रैपर को बुलाने की जरूरत क्या है, राहुल गांधी खुद ही काफी हैं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंगलवार को राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर फिर तंज कसा है। दरअसल भाजपा द्वारा आयोजित सेवा संकल्प की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया।

दरअसल, पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि राहुल गांधी के कार्यक्रमों में भीड़ बुलाने के लिए रैपर्स को बुलवाया गया है, सिंगर्स को बुलवाया गया है। इस पर विजयवर्गीय ने कहा कि इनकी क्या जरूरत है, राहुल गांधी ही काफी है। इस तीखे तंज पर पलटवार और चुटकी लेते हुए वहां मौजूद भाजपा खेमे की तरफ से हाजिर जवाबी आई। खुद विजयवर्गीय ने भी जमकर ठहाका लगाया। इस टिप्पणी का साफ इशारा इस ओर था कि भाजपा विपक्ष के चेहरे के रूप में राहुल गांधी को खुद के लिए राजनीतिक रूप से मुफीद मानती है। इसके पूर्व जब उनसे राहुल गांधी को लेकर और सवाल किए तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि आज वे भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के बारे में बोलेंगे। फिर आखिरी सवाल पर सबको खूब हंसाया। वहां मौजूद पत्रकारों से मजाकिया अंदाज में फिटनेस और उम्र को लेकर भी संवाद किया, जिससे सियासी माहौल पूरी तरह खुशनुमा हो गया। उधर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी नहीं चूके। उन्होंने कांग्रेस द्वारा अनंत चतुर्दशी के चल समारोह में झांकी की अनुमति तो लेकर तीखा तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को तो कार्टून शो की अनुमति मांगना चाहिए।

## शाकाहारी गार्लिक ब्रेड के ऑर्डर में मिला मांसाहारी-खाना

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के स्कीम-78 निवासी अंश जैन ने सोमवार देर रात विजय नगर स्थित ओलियो- द वुड फायर पिज्जेरिया से जोमैटो के माध्यम से दो इटालियन चीज गार्लिक ब्रेड का ऑर्डर दिया था। छूट के बाद इसकी कीमत 245 रुपए थी। अन्य शुल्क मिलाकर अंश ने कुल 332.18 रुपए का भुगतान किया। खाना पहुंचने के बाद पैकेट पर हरे रंग का शाकाहारी निशान लगा था। अंश ने इसे शाकाहारी भोजन समझकर पैकेट खोला, लेकिन अंदर गार्लिक ब्रेड की जगह मांसाहारी खाद्य सामग्री मिली। अंश के मुताबिक, भोजन का पैकेट मिलने पर उस पर हरे रंग का शाकाहारी निशान लगा हुआ था। उसने इसे शाकाहारी भोजन समझकर पैकेट खोल दिया। अंदर का खाना देखकर वह चौंक गया। उसका दावा है कि गार्लिक ब्रेड की जगह मांसाहारी खाद्य सामग्री भेजी गई थी। इसके बाद अंश ने जोमैटो पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद ऑनलाइन रिकॉर्ड में उसके ऑर्डर की राशि में से 331 रुपए वापस किए जाने की जानकारी दर्ज हुई है। मामले में सवाल है कि जब ग्राहक ने शाकाहारी भोजन का ऑर्डर दिया था और पैकेट पर भी शाकाहारी होने का हरा निशान लगा था, तो उसके अंदर मांसाहारी भोजन कैसे पहुंचा? पैकिंग के दौरान गलती हुई या किसी दूसरे ग्राहक का ऑर्डर बदलकर पहुंचा, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है।

### महू में चार गुना मुआवजे, सर्विस रोड और अंडरपास की मांग

# जमीन अधिग्रहण पर 300 से ज्यादा किसान पहुंचे एसडीएम कार्यालय

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

महू तहसील में पूर्वी रिंग रोड और रेलवे परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव है। इसे लेकर 300 से ज्यादा किसान महू एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में एसडीएम राकेश परमार को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने जमीन अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की।

ज्ञापन में किसानों ने कहा कि महू के किसान अपनी खेती बहुत मेहनत से करते हैं। ऐसे में विकास परियोजनाओं के लिए जमीन लेते समय किसानों का खास ध्यान रखा जाना चाहिए।

किसान संघ ने मांग की कि जिन किसानों की उपजाऊ जमीन रिंग रोड और रेलवे के लिए ली जा रही है, उन्हें बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा दिया जाए। साथ ही, जिन गांवों की गाइडलाइन रेट कम है, वहां पड़ोसी गांवों की बढ़ी हुई गाइडलाइन के हिसाब से मुआवजा तय किया जाए।




किसानों ने सड़क के दोनों तरफ कृषि उत्पादों के आने-जाने के लिए पक्की सर्विस रोड बनाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि पानी भरने से फसल खराब न हो, इसके लिए पानी निकासी का सही इंतजाम किया जाए।

किसानों ने यह भी मांग की कि सड़क के दोनों ओर बची हुई जमीन तक पहुंचने के लिए जरूरी जगहों पर अंडरपास बनाए जाएं। इसके अलावा, सड़क के नीचे पाइपलाइन डालने के लिए लोहे के पाइप रखने की इजाजत भी दी जाए। किसान संघ ने यह भी कहा कि प्रस्तावित सड़क की डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) काम शुरू होने से पहले प्रभावित किसानों को दी जाए। इससे उन्हें सड़क की पूरी योजना और उनकी जमीन पर पड़ने वाले असर की जानकारी पहले से मिल सकेगी। 300 से ज्यादा किसानों की मौजूदगी में ज्ञापन सौंपा गया और प्रशासन से जमीन अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं का सही समाधान कर किसानों को प्राथमिकता देने की मांग की गई।

### 15 साल बाद गांव पहुंचा लंगूर, विहान बोले- मेरे साथ सीन किया और चला गया

# हनुमान चालीसा पढ़ने पर मिला नीम करोली बाबा का किरदार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

संत बाबा नीम करोली महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म हनुमान अंश इन दिनों चर्चा में है। फिल्म में बाबा नीम करोली महाराज के बचपन का किरदार निभाने वाले कलाकार विहान शेडगे इंदौर पहुंचे।

चर्चा के दौरान उन्होंने फिल्म में अपने किरदार, शूटिंग के अनुभव और बाबा नीम करोली महाराज से जुड़ी अपनी आस्था को लेकर खुलकर बात की।

विहान ने बताया कि फिल्म में काम करने से पहले वे बाबा नीम करोली महाराज के बारे में ज्यादा नहीं जानते थे। जब उन्हें उनका किरदार निभाने का मौका मिला तो उन्होंने बाबा के जीवन के बारे में रिसर्च शुरू की। इसी दौरान उनके मन में बाबा और हनुमान जी के प्रति आस्था भी बढ़ती चली गई।

**रोल मिलने से पहले दो-तीन दिन किया हनुमान चालीसा का पाठ-** विहान ने बताया कि ऑडिशन से पहले उन्होंने लगातार दो-तीन दिन हनुमान चालीसा का पाठ किया था। इसके बाद उन्हें बाबा नीम करोली महाराज के बचपन का किरदार निभाने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह महज एक फिल्मी किरदार नहीं, बल्कि आध्यात्मिक रूप से भी बेहद खास अनुभव रहा। फिल्म से जुड़ने के बाद उनकी हनुमान जी और बाबा नीम करोली महाराज के प्रति आस्था पहले से ज्यादा मजबूत हुई है। विहान ने बताया कि बाबा नीम करोली महाराज का किरदार निभाने के बाद उनकी दिनचर्या में भी बदलाव आया है। अब वे नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म ने उनकी आस्था को और मजबूत किया है। बाबा नीम करोली महाराज और हनुमान जी के प्रति उनका जुड़ाव फिल्म के साथ काम करते-करते और गहरा हुआ। विहान के मुताबिक विशाल चतुर्वेदी ने तभी तय कर लिया था कि उनके अगले प्रोजेक्ट में विहान को मौका दिया जाएगा। बाद में उन्हें हनुमान अंश में बाबा नीम करोली महाराज के बचपन का किरदार मिला।



#### शूटिंग के दौरान आया लंगूर, विहान बोले- चमत्कार जैसा लगा

विहान ने शूटिंग से जुड़ा एक खास अनुभव भी साझा किया। उन्होंने बताया कि जिस गांव में फिल्म की शूटिंग हो रही थी, वहां करीब 15-20 साल से कोई लंगूर नहीं आया था। लेकिन जिस दिन उनकी शूटिंग थी, उसी दिन अचानक एक लंगूर वहां पहुंच गया। लंगूर ने शूटिंग के दौरान दो-तीन सीन में उनके साथ हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि जैसे ही शूटिंग पूरी हुई, लंगूर वहां से चला गया।

#### चार साल से एक्टिंग कर रहे हैं विहान

विहान ने बताया कि उन्हें एक्टिंग की दुनिया में करीब चार साल हो चुके हैं। ह्यहनुमान अंशह्न उनकी पहली इंडी फिल्म है। इससे पहले वे मराठी टीवी सीरियल्स, फिल्मों और विज्ञापनों में काम कर चुके हैं। मूल रूप से पुणे के रहने वाले विहान ने बताया कि फिल्म में काम करने का मौका उन्हें निर्देशक विशाल चतुर्वेदी की वजह से मिला। विहान पहले उनके साथ एक विज्ञापन में काम कर चुके थे।

#### पानी में पूरे दिन हुई शूटिंग, बोले- काफी चुनौतीपूर्ण था सीन

फिल्म में एक ऐसा सीन भी है, जिसमें विहान को पानी में रहना था। उन्होंने बताया कि सीन 15-20 मिनिट का था, लेकिन शूटिंग में पूरा दिन लग गया। पूरे दिन पानी में रहना पड़ा था। विहान ने कहा कि यह शूटिंग उनके लिए आसान नहीं थी, लेकिन पूरी टीम के सहयोग से सीन को अच्छे तरीके से पूरा किया गया।

## खबर एक नजर...

### 17 वर्षीय श्रेया ने बिना ड्रॉप के नीट में सफलता हासिल कर रचा कीर्तिमान



**देवास।** जिले के इकलेरा गांव की 17 वर्षीय बेटी श्रेया व्यास ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव का नाम रोशन किया है। श्रेया ने कक्षा 12वीं की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण करने के साथ ही नीट परीक्षा भी बिना किसी ड्रॉप के पहली ही कोशिश में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। श्रेया की इस उपलब्धि के बाद उसका चयन मानसरोवर यूनिवर्सिटी, भोपाल में मेडिकल शिक्षा के लिए हुआ है। श्रेया की सफलता इसलिए भी खास है, क्योंकि उसकी दोनों बड़ी बहनें भी डॉक्टर हैं। अब परिवार की तीसरी बेटी के भी चिकित्सा क्षेत्र में कदम रखने से परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर छोटी उम्र में हासिल की गई इस उपलब्धि ने साबित कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर मेहनत और सही दिशा में किए गए प्रयासों से बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। श्रेया की सफलता इकलेरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों और विशेष रूप से बेटियों के लिए प्रेरणा का संदेश है। श्रेया की उपलब्धि पर परिवारजनों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। एक ही परिवार की तीन बेटियों का चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ना न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव के लिए गर्व का विषय है।

### गैरहाजिरी लगाने पर भड़के हॉस्टल अधीक्षक:अटैच शिक्षक पर कर दिया बैसाखी से हमला

**गुना।** कलेक्ट्रेट भवन स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यालय में मंगलवार दोपहर गैरहाजिरी लगाने को लेकर जमकर हंगामा हो गया। खेरीखता कन्या छात्रावास के अधीक्षक वीरेंद्र विमल और विभाग में अटैच शिक्षक मंगल सिंह शर्मा के बीच कहासुनी के बाद विवाद हाथापाई तक पहुंच गया। इसी दौरान दिव्यांग अधीक्षक वीरेंद्र विमल ने अपनी बैसाखी से मंगल सिंह पर हमला कर दिया। मंगल सिंह को मामूली चोट आई।

### छात्र से रुपए-मोबाइल लूटने वाला आरोपी चंद घंटे में गिरफ्तार

**जबलपुर।** जबलपुर के तिलवारा थाना क्षेत्र में 12वीं के छात्र से रुपए और मोबाइल लूटने वाले आरोपी को पुलिस ने वारदात के चंद घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से लूटे गए 800 रुपए, आईफोन और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। तेवर भेड़ाघाट निवासी 19 वर्षीय रोहित सिंह लोधी ने पुलिस को बताया कि वह आदर्श ज्योति स्कूल, धनवंतरी नगर में कक्षा 12वीं का छात्र है। 14 सितंबर की रात करीब 8:45 बजे वह लम्हेटा बायपास चौराहे पर भेड़ाघाट मोड़ के पास खड़ा था। इसी दौरान चौकीताल निवासी गोलू उर्फ अर्पित पटेल बाइक से वहां पहुंचा। उसने रोहित की जेब से 800 रुपए निकाल लिए। विरोध करने पर थप्पड़ मारे। रोहित ने भाई को कॉल करने के लिए मोबाइल निकाला तो आरोपी ने धक्का देकर आईफोन भी छीन लिया और बाइक से भागने लगा। भागते समय उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई और वह गिर गया। इसके बाद आरोपी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया।

### चित्रकूट में चाय-नाश्ते की दुकान पर हमला:6 आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** सतना जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र में चाय-नाश्ते की दुकान चलाने वाले पिता-पुत्र और उनके कर्मचारी से मारपीट के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक फोर व्हीलर, 32 बोर की पिस्टल, 315 बोर का देशी कट्टा और 8 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। घटना 13 सितंबर की शाम करीब 7 बजे की है। बृजनरेश सिंह परिहार (53), निवासी वार्ड क्रमांक-11, अपनी चाय-नाश्ते की दुकान पर काम कर रहे थे। उनका बेटा अंकित कुछ दोस्तों के साथ गणेश प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान गुड्डू यादव और शिवम पाल सहित करीब डेढ़ दर्जन लोग दो फोर व्हीलर गाड़ियों से वहां पहुंचे। पुलिस के अनुसार, पुराने विवाद को लेकर आरोपियों ने अंकित और उसके दोस्त मनीष के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बृजनरेश और दुकान कर्मचारी दयाराम सेन बीच-बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने दुकान में तोड़फोड़ भी की।

### सतना में नकली शराब बेचने के आरोप में 2 गिरफ्तार, ब्रांडेड बोतल में भरकर बेचते थे

**सतना।** सतना में आबकारी विभाग ने शहर में फोन पर ऑर्डर लेकर शराब की होम डिलीवरी करने वाले रैकेट का खुलासा किया है। टीम ने मास्टरमाइंड जितेंद्र कुमार उर्फ रवि साहू (38) और उसके एजेंट सुनील कुशवाहा (23) को गिरफ्तार किया है। दोनों पर ब्रांडेड शराब के नाम पर नकली शराब बेचने और होम डिलीवरी का नेटवर्क चलाने का आरोप है। मंगलवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# सिंधिया की कांग्रेस में वापसी की अटकलें कितनी असरदार?

## सोशल मीडिया से राजनीतिक गलियारों तक चर्चा, लेकिन कांग्रेस वापसी के संकेतों पर अब भी सवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस में वापस लौटने की अटकलें एक बार फिर मध्यप्रदेश की राजनीति में चर्चा का विषय बनी हैं। हालांकि उपलब्ध हालिया सार्वजनिक बयानों और रिपोर्टों में सिंधिया की कांग्रेस में वापसी को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा या कांग्रेस के साथ वापसी की पुष्टि सामने नहीं आई है। दिसंबर 2025 में जब उनसे सीधे पूछा गया था कि क्या वे भविष्य में कांग्रेस में शामिल होंगे, तब उन्होंने इस सवाल का स्पष्ट उत्तर नहीं दिया था।

सिंधिया के कांग्रेस छोड़ने और भाजपा में जाने की घटना मध्यप्रदेश की राजनीति की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में रही है। मार्च 2020 में उन्होंने कांग्रेस छोड़ी और भाजपा में शामिल हुए। उनके साथ कांग्रेस के कई तत्कालीन विधायक भी भाजपा में चले गए, जिसके बाद कमलनाथ सरकार अल्पमत में आ गई और सरकार गिर गई।

### अटकलों को हवा क्यों मिलती है?

सिंधिया के मामले में वापसी की चर्चा नई नहीं है। जून 2020 में भी उनके भाजपा छोड़कर कांग्रेस में लौटने की खबरें सामने आई थीं। उस समय सिंधिया ने सोशल मीडिया पर इन खबरों को खारिज करते हुए लिखा था कि झूठी खबरें सच से ज्यादा तेजी से फैलती हैं। इस बार भी सोशल मीडिया और राजनीतिक चचाओं में चल रही अटकलों को लेकर सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इसके पीछे कोई वास्तविक राजनीतिक पहल है या यह केवल राजनीतिक कयास हैं? उपलब्ध रिपोर्टों में अभी तक ऐसी किसी औपचारिक बातचीत या निर्णय की पुष्टि नहीं हुई है।

### कांग्रेस के भीतर वापसी को लेकर मतभेद

दिलचस्प बात यह है कि मई 2026 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि यदि सिंधिया कांग्रेस में वापस आते हैं तो वह स्वयं पार्टी छोड़ देंगे। इसी कार्यक्रम में कांग्रेस मीडिया प्रभारी केके मिश्रा ने भी उनके बयान का समर्थन किया था। इस बयान से यह जरूर स्पष्ट होता है कि सिंधिया की संभावित वापसी का मुद्दा कांग्रेस के भीतर निर्विवाद नहीं है। 2020 की राजनीतिक घटनाओं की छाप अब भी पार्टी के एक वर्ग के सार्वजनिक बयानों में दिखाई देती है।



### सिंधिया समर्थकों का सवाल भी महत्वपूर्ण

सिंधिया के साथ 2020 में कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं में से कुछ बाद में राजनीतिक रूप से अलग-अलग रास्तों पर गए। एक उल्लेखनीय उदाहरण सिंधिया समर्थक रहे समंदर पटेल का है, जिन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस में वापसी की थी। ऐसे घटनाक्रमों के कारण मध्यप्रदेश में यह सवाल समय-समय पर उठता रहा है कि 2020 में कांग्रेस से भाजपा में गया सिंधिया खेमे का राजनीतिक नेटवर्क आज किस स्थिति में है।

### सिंधिया के लिए भी बदल चुका है राजनीतिक परिदृश्य

2020 में कांग्रेस छोड़ने के बाद सिंधिया भाजपा में महत्वपूर्ण भूमिका में आए। वे राज्यसभा पहुंचे और बाद में केंद्र सरकार में मंत्री बने। 2024 के लोकसभा चुनाव में वे गुना से फिर लोकसभा पहुंचे। इसलिए कांग्रेस में वापसी की किसी भी अटकल को 2020 के मुकाबले बदले हुए राजनीतिक संदर्भ में देखना होगा।

### क्या वापसी की अटकलें असरदार हैं?

फिलहाल इन अटकलों का राजनीतिक चर्चा पैदा करने के स्तर पर असर जरूर दिखाई देता है, लेकिन इन्हें सिंधिया के कांग्रेस में लौटने की वास्तविक प्रक्रिया का प्रमाण मानने के लिए पर्याप्त सार्वजनिक तथ्य सामने नहीं हैं। दिसंबर 2025 में सिंधिया ने वापसी के सवाल पर स्पष्ट उत्तर नहीं दिया था, जबकि 2026 में कांग्रेस नेताओं के बयान इस विषय को राजनीतिक बहस में बनाए हुए हैं।

# सिंधु सेना के 'सिंधी कॉलोनी के राजा' का आगमन

## आतिशबाजी और ढोल-डीजे के साथ निकला चल समारोह, पंडाल में विराजे गजानन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंधु सेना द्वारा आयोजित 26वें वर्ष के समारोह में सिंधी कॉलोनी के राजा गजानन का टावर चौक पर भव्य आगमन हुआ। आकर्षक साज-सज्जा, आतिशबाजी और डीजे-ढोल की थाप के साथ भगवान गणेश का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान भारी संख्या में मौजूद शहरवासियों ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया।

टावर चौक पर आगमन के पश्चात गजानन का विशाल चल समारोह शुरू हुआ। यह समारोह टावर से निकलकर तीन बत्ती होते हुए सिंधी कॉलोनी पहुंचा, जहां इसका भव्य स्वागत किया गया। कॉलोनी के मुख्य चौराहे और विभिन्न गलियों से होते हुए चल समारोह झूलेलाल मंदिर के पीछे स्थित पंडाल पर संपन्न हुआ। यहां पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित की गई।




आयोजन समिति के अध्यक्ष किशोर मुलानी और संरक्षक विनोद मुलानी के नेतृत्व में पूरी टीम द्वारा यह आयोजन बीते 26 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। प्रतिमा स्थापना के इस पावन अवसर पर स्थानीय गणमान्य नागरिक, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# ईंटखेड़ी में रुके, यहीं भोजन किया; रात में कलेक्टर के वीडियो कॉल पर माने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

अधिक बारिश से बर्बाद हुई फसलों को लेकर मंगलवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। इसके बाद भारतीय किसान संघ के बैनर तले नजीराबाद, बैरसिया और हुजूर के सैकड़ों किसान 200 से ज्यादा ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भोपाल कूच कर गए। रात में बैरसिया रोड स्थित ईंटखेड़ी रुके और यही पर भोजन किया। किसानों की बुधवार को कलेक्टोरेट घेरने की रणनीति थी। इसके चलते उन्होंने रात में ही ईंटखेड़ी में डेरा डाल दिया। किसानों के प्रदर्शन के चलते कलेक्टोरेट के मुख्य गेट पर बैरिकेडिंग कर दी गई। रात 10.30 बजे तक किसान अपनी जिद पर अड़े रहे, लेकिन मौके पर एडीएम प्रकाश नायक ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से वीडियो कॉल पर किसानों की बात कराई।

किसान और कलेक्टर के बीच करीब पांच मिनट तक वीडियो कॉल पर बातचीत चलती रही। जिसमें कलेक्टर मिश्रा ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों का उचित निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर के आश्वासन के बाद किसान मान गए और उन्होंने कलेक्टोरेट घेराव का कार्यक्रम स्थगित कर दिया। भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री देवेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि कलेक्टर, एडीएम से बातचीत की गई।

## ज्ञापन में ई-केवाईसी और पंजीयन कार्यों से अलग रखने का किया आग्रह

# स्वामित्व योजना में व्यक्तिगत दायित्व से मुक्ति की मांग को लेकर पटवारियों ने निकाली रैली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सरकार द्वारा लागू की गई स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना में व्यक्तिगत दायित्व से मुक्त रखने की मांग को लेकर पटवारियों ने मोर्चा खोल दिया है। मध्य प्रदेश पटवारी संघ जिला उज्जैन के आह्वान पर जिले के सैकड़ों पटवारियों ने कोठी पैलेस पर एकत्रित होकर रैली निकाली और कोठी रोड से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर तीन सूत्री मांगों के शीघ्र निराकरण का आग्रह किया गया। इस दौरान पटवारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी भी की।

संभाग अध्यक्ष आशीष कुमावत और जिलाध्यक्ष भगवानसिंह के नेतृत्व में पटवारियों ने बताया कि संघ स्वामित्व योजना का स्वागत करता है, लेकिन इसके क्रियान्वयन में पटवारियों पर जो जिम्मेदारियां तय की गई हैं, उनसे उन्हें व्यावहारिक और व्यक्तिगत कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में मांग की गई है कि योजना के निष्पादन, ई-केवाईसी, पंजीयन और व्यक्तिगत दायित्व वाले कार्यों से पटवारी संवर्ग को पूरी तरह अलग रखा जाए।




संघ का तर्क है कि ग्रामीण आबादी क्षेत्र की भूमि का स्वरूप सामान्य राजस्व कृषि भूमि से अलग होता है। इसके विकास व उपयोग के अधिकार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पास हैं और इसका क्षेत्राधिकार जनपद व ग्राम पंचायत के अधीन है। पूर्व में स्वामित्व योजना के तहत ग्राम आबादी भूमि का ड्रोन सर्वे कर नक्शे तैयार किए गए थे, तब ग्राम पंचायत को ही कार्यकारी विभाग बनाया गया था और आवंटित बजट भी पंचायत विभाग को मिला था। उस समय तकनीकी जानकारी के अभाव में यह कार्य राजस्व विभाग के पटवारियों से कराया गया था। वर्तमान में आवास निर्माण के लिए पट्टे और नक्शे की स्वीकृति भी ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव द्वारा ही दी जाती है। इसलिए अब ई-केवाईसी और पंजीयन कार्य की जिम्मेदारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को ही सौंपी जानी चाहिए।

पटवारियों ने बायोमेट्रिक डाटा के उपयोग पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि पीएम किसान और फार्मर रजिस्ट्री जैसी योजनाओं में वे अपने बायोमेट्रिक का उपयोग इसलिए करते हैं क्योंकि संबंधित अभिलेख उनके पास संधारित होते हैं। इसके विपरीत स्वामित्व योजना के तहत भूमि के विक्रय विलेख के पंजीयन के लिए पटवारी के बायोमेट्रिक डाटा का उपयोग किया जाना है, जबकि इसकी प्राथमिक जानकारी भी उनके रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं है। ऐसे में किसी अन्य व्यक्ति के विक्रय पत्र में पटवारी का बायोमेट्रिक डाटा उपयोग करना पूरी तरह अनुचित है।

## घाटों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश

# मुरैना में चंबल से अवैध-रेत पर रात में बढ़ाई निगरानी: एसपी खुद सड़क पर उतरे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुरैना

मुरैना में चंबल नदी से अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण रोकने के लिए पुलिस ने रात में निगरानी और चेकिंग बढ़ा दी है। मंगलवार रात पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने जिले में बनाए गए स्थायी और अस्थायी नाकों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग व्यवस्था देखी।

एसपी ने रात के निरीक्षण के दौरान वन विभाग चेक पोस्ट देवरी, देवपुरी मंदिर और अल्लावेली चौकी पोस्ट समेत कई संवेदनशील इलाकों का दौरा किया। इसके अलावा शहर के रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में भी पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नाकों पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से रात की ड्यूटी और निगरानी व्यवस्था की जानकारी ली।

एसपी ने चंबल नदी के घाटों से निकलने वाले संभावित रास्तों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात में आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जाए। रेत परिवहन करने वाले वाहनों के दस्तावेज और रेत ले जाने की अनुमति भी जांचने के निर्देश दिए गए हैं। किसी तरह की अनियमितता मिलने पर संबंधित विभाग से समन्वय कर कार्रवाई करने को कहा गया है।

एसपी ने रात्रि ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। संदिग्ध वाहन या अवैध रेत उत्खनन-परिवहन से जुड़ी जानकारी मिलने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने को कहा।



संवेदनशील इलाकों और रेत परिवहन के संभावित रास्तों पर लगातार पेट्रोलिंग के साथ अचानक चेकिंग करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### अवैध रेत पर कार्रवाई जारी रहेगी

एसपी धर्मराज मीना ने कहा कि चंबल नदी से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए पुलिस की निगरानी लगातार जारी रहेगी। स्थायी और अस्थायी नाकों पर खासकर रात के समय चेकिंग बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि अवैध रेत उत्खनन, परिवहन या भंडारण में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों और वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पद मिला, अब अधिकार का इंतजार

# प्राधिकरणों में 34 अध्यक्ष, 14 उपाध्यक्ष नियुक्त, मंत्री दर्जे के आदेश का इंतजार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में लंबे समय से लंबित राजनीतिक नियुक्तियों का दौर शुरू होने के बाद अब एक नया सवाल सत्ता और संगठन के सामने खड़ा हो गया है। विभिन्न निगम-मंडल, बोर्ड, विकास प्राधिकरण और आयोगों में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष नियुक्त किए जा चुके हैं, लेकिन इन पदाधिकारियों को अभी तक मंत्री अथवा राज्यमंत्री स्तर का दर्जा दिए जाने के आदेश जारी नहीं हुए हैं। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार हाल के महीनों में 34 नेताओं को अध्यक्ष और 14 को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

मध्यप्रदेश में निगम-मंडल और प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियां लंबे समय से लंबित थीं। सत्ता और संगठन के बीच चर्चा तथा सहमति के बाद अलग-अलग चरणों में नियुक्तियां की गईं। कई ऐसे नेताओं को भी जिम्मेदारियां मिली हैं, जो लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे हैं और राजनीतिक नियुक्तियों की प्रतीक्षा कर रहे थे।

### पद है, लेकिन प्रोटोकॉल का सवाल

मंत्री स्तर का दर्जा केवल नाम के साथ जुड़ने वाला पद नहीं माना जाता। इससे संबंधित पदाधिकारी को सरकारी कार्यक्रमों में प्रोटोकॉल, प्रशासनिक स्तर पर पहुंच और अधिकारियों के साथ समन्वय में अलग स्थिति मिल सकती है। हालांकि वास्तविक अधिकार संबंधित निगम, मंडल या प्राधिकरण के अधिनियम, शासनादेश और पद की शक्तियों पर भी निर्भर करते हैं। मीडिया रिपोर्टों में एक निगम के अध्यक्ष के हवाले से यह दावा किया गया है कि मंत्री दर्जा मिलने से जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं के कामों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने में प्रभाव बढ़ता है तथा अधिकारियों से मिलने में भी सुविधा होती है। यह एक पदाधिकारी का मत है, इसे सभी संस्थाओं में लागू होने वाला कानूनी अधिकार नहीं माना जा सकता।

इन नियुक्तियों के बाद यह माना जा रहा था कि अध्यक्षों को कैबिनेट मंत्री स्तर तथा उपाध्यक्षों को राज्यमंत्री स्तर का दर्जा दिए जाने के संबंध में अलग से आदेश जारी किए जाएंगे। लेकिन नियुक्तियां होने के बाद भी दर्जे का फैसला लंबित रहने से अब इस मुद्दे पर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज है।

34 अध्यक्ष और 14 उपाध्यक्ष यानी कुल 48 पदाधिकारियों को फिलहाल सरकार के अगले फैसले का इंतजार है। इनमें कई वरिष्ठ राजनीतिक चेहरे शामिल हैं। रिपोर्टों के अनुसार राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया का कार्यकाल भी कुछ ही महीनों में समाप्त होने वाला है, जिससे मंत्री दर्जे को लेकर समय का पहलू भी चर्चा में है।

हालांकि यह कहना कि सभी 48 पदाधिकारी मंत्री दर्जे को लेकर असंतुष्ट हैं, उपलब्ध रिपोर्टों से पूरी तरह स्थापित नहीं होता। कुछ मीडिया रिपोर्टों में कुछ पदाधिकारियों के नाराज होने अथवा सक्रियता पर असर पड़ने की बात कही गई है, जबकि इसकी स्वतंत्र आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है।

### कई नामों को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

हाल की नियुक्तियों में जयभान सिंह पवैया, रामकृष्ण कुसमारिया, रामलाल रौतेल, डॉ. कैलाश जाटव, डॉ. निवेदिता शर्मा, रेखा यादव, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, प्रवीण शर्मा, केपी यादव, रामनिवास रावत, संजय नगायच, महेंद्र सिंह यादव, रवि सोलंकी, विनोद गोटिया, अशोक शर्मा, मनोहर पोरवाल सहित कई नेताओं को अलग-अलग संस्थाओं में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दिए जाने की रिपोर्ट है। उपाध्यक्ष पदों पर भी मनोहर लाल नागर, संजीव कांकर, राकेश जादौन, उदयवीर सिंह गुर्जर, प्रशांत केशरवानी, सुधीर गुप्ता, वेद प्रकाश शिवहरे, मुकेश यादव, रवि वर्मा, हरिश मेवाफरोश, डॉ. अजय सिंह, संजय तीथार्नी, गोविंद काकाणी और प्रवीण सोनी के नाम सामने आए हैं।

### भोपाल-इंदौर पर अभी भी निगाहें

दूसरी ओर भोपाल और इंदौर जैसे महत्वपूर्ण विकास प्राधिकरणों में नियुक्तियों को लेकर लंबे समय तक स्थिति स्पष्ट नहीं रही। अप्रैल 2026 की रिपोर्टों में दोनों प्राधिकरणों के अध्यक्ष पदों को लेकर अंतिम निर्णय लंबित बताए गए थे। ऐसे में निगम-मंडल और प्राधिकरणों की नियुक्तियों का अगला चरण भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खासकर बड़े विकास प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियां होने पर उनके अध्यक्षों की भूमिका आगामी विकास परियोजनाओं और स्थानीय राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से महत्वपूर्ण हो सकती है।

# गणपति उत्सव, शिल्पा ने पैपराजी संग किया डांस, गोविंदा ने मांगी बेटे के लिए मन्नत



गणेश चतुर्थी के मौके पर बॉलीवुड में गणेश उत्सव का माहौल बना हुआ है। शिल्पा शेट्टी, संजय दत्त और गोविंदा समेत कई सितारे बप्पा के दर्शन और भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। शिल्पा शेट्टी ने अपने घर पर बप्पा का स्वागत ढोल-नगाड़ों और पैपराजी के साथ डांस करके किया।

वहीं संजय दत्त ने गणेश दर्शन के दौरान एक घायल पैपराजी की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। इसके अलावा अमेरिका से लौटे एक्टर गोविंदा ने भी घर पहुंचकर परिवार के साथ बप्पा के दर्शन किए और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना की। अजय देवगन लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे।

## शिल्पा शेट्टी ने बेटी संग की ट्विनिंग

गणेश उत्सव के दौरान एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी का एक खास अंदाज देखने को मिला। शिल्पा अपने घर पर गणपति बप्पा का स्वागत करते समय ढोल की थाप पर जमकर थिरकती नजर आईं। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद फोटोग्राफर्स के साथ कदम से कदम मिलाकर डांस किया। पूजन के समय शिल्पा और उनकी बेटी समीशा मैचिंग पीले और गुलाबी रंग के पारंपरिक परिधान में नजर आईं। दोनों मां-बेटी की यह ट्विनिंग काफी सराही जा रही है। पूजा के दौरान शिल्पा के पति राज कुंद्रा और परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## संजय दत्त ने गाड़ी रुकवाकर घायल पैपराजी से पूछा हाल

वहीं एक्टर संजय दत्त, समाज सेवी राहुल कनल के घर गणपति दर्शन के लिए पहुंचे। वहां जाते समय उनकी नजर एक घायल पैपराजी पर पड़ी। बाइक एक्सीडेंट के कारण फोटोग्राफर के पैर में चोट लगी थी। यह देखते ही संजय दत्त ने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और उसका हाल-चाल जाना। जब फोटोग्राफर ने बताया कि उनका मैनेजर फोन नहीं उठा रहा है, तो संजय दत्त ने भरोसा दिलाया कि वे खुद इस मामले को देखेंगे। इससे पहले साल 2018 और 2019 में भी संजय दत्त पैपराजी की मदद करते देखे गए थे।

## अमेरिका से लौटकर बप्पा के दर्शन करने पहुंचे गोविंदा

एक्टर गोविंदा अमेरिका का दौरा पूरा कर मुंबई लौटे और सीधे बप्पा का आशीर्वाद लेने पहुंचे। गोविंदा ने अपने बच्चों टीना और यशवर्धन के साथ आरती की और भगवान गणेश से उनके अच्छे भविष्य की प्रार्थना की। उन्होंने न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा कि उनके घर में गणपति बैठाने की परंपरा उनकी मां के समय से चली आ रही है। गोविंदा ने कहा, ₹मैं प्रार्थना करता हूं कि बप्पा यश को सफलता और समृद्धि दें ताकि लोग कहें कि वह गोविंदा से भी बेहतर है। वहीं बेटी टीना के लिए एक अच्छे घर और परिवार की कामना करता हूं।

# रिटायरमेंट की खबरों पर बोले अमिताभ बच्चन:'टाइम टू रिटायर' का मतलब सोने जाना था



एक्टर अमिताभ बच्चन ने काम से रिटायरमेंट लेने की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। अपने आधिकारिक ब्लॉग पर लिखी एक बात का मीडिया में गलत मतलब निकाले जाने पर अमिताभ ने नाराजगी जताई है। उन्होंने साफ किया कि ब्लॉग में लिखे अंग्रेजी वाक्य 'टाइम टू रिटायर' का मतलब देर रात सोने जाना था, न कि एक्टिंग से संन्यास लेना।

अमिताभ ने मीडिया में सबसे पहले खबर देने की होड़ और बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश करने की प्रवृत्ति पर भी तंज कसा है। इसके साथ ही उन्होंने गणेश चतुर्थी के मौके पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

अमिताभ बच्चन के एक ब्लॉग पोस्ट के बाद मीडिया में उनके काम से दूरी बनाने और रिटायरमेंट लेने की चर्चा शुरू हो गई थी। इस पर सफाई देते हुए अमिताभ ने ब्लॉग में लिखा, जी नहीं हुजूर, मैं काम से रिटायर नहीं हो रहा हूं।

उन्होंने बताया कि ब्लॉग के अंत में उन्होंने देर रात होने के कारण सोने जाने के संदर्भ में लिखा था कि अब सोने का समय हो गया है। लेकिन लोगों ने इसका गलत मतलब निकाल लिया और काम से संन्यास की खबरें चला दीं।

## 'अटेंशन पाने के लिए बात का गलत मतलब निकाला जाता है'

अमिताभ ने खबरों में सबसे पहले बनने की होड़ पर सवाल उठाए। उन्होंने ब्लॉग में लिखा कि ध्यान और पैसा पाने की इस दौड़ में कई बार सच्चाई को अनदेखा कर दिया जाता है। उन्होंने लिखा, लोग सबसे पहले आने की बेचैनी में बात का गलत मतलब निकालते हैं, भले ही खबर देने वालों को भाषा की सही समझ न हो।

## हनुमान अंश मेकर्स की अगली फिल्म राम बोला पर विवाद

फिल्म हनुमान अंश डायरेक्ट करने वाले डॉक्टर विशाल चतुर्वेदी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर अगली फिल्म राम बोला की घोषणा की है। उनकी ये फिल्म महाकवि तुलसीदास की जिंदगी पर आधारित होगी, लेकिन इसी दिन, इसी टाइटल पर दूसरी फिल्म की भी घोषणा हो गई, जिससे दो मेकर्स के बीच टाइटल का विवाद शुरू हो गया है। विवाद के बीच एसोसिएशन ने बताया है कि टाइटल किसके नाम रजिस्टर है। डायरेक्टर विशाल चतुर्वेदी ने प्रोडक्शन हाउस महावीर जैन के साथ राम बोला अनाउंस की। इसी समय डॉक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने भी फिल्म राम बोला की घोषणा की। पोस्ट में बताया गया कि इसे चंद्रप्रकाश द्विवेदी डायरेक्ट करेंगे, जबकि मधु मंटेना और मंदिरा द्विवेदी इसे प्रोड्यूस करेंगी।

# मन्नत बेचने की बात पर शाहरुख बोले:नई गैलरी से अब और भी चमकूंगा

## किंग की रिलीज डेट नहीं बदली, 24 दिसंबर को आएगी फिल्म

शाहरुख खान ने मंगलवार को #AskSRK सेशन में फैंस के कई सवालों के जवाब दिए। उन्होंने 300 करोड़ रुपए की कीमत वाले अपने घर ह्यमन्नतह्ण के रेनोवेशन और नई गैलरी को लेकर अपडेट दिया। एक फैन ने मजाक में मन्नत बेचने की बात कही तो शाहरुख ने कहा कि नई गैलरी बन रही है और अब वह वहीं से फैंस को नजर आएंगे। उन्होंने फिल्म ह्यकिंगह्ण की रिलीज डेट भी कन्फर्म की और बताया कि फिल्म 24 दिसंबर को ही सिनेमाघरों में आएगी।

## फैन ने कहा- मन्नत बेच दीजिए, शाहरुख ने दिया मजेदार जवाब

शाहरुख खान सोशल मीडिया के जरिए फैंस से जुड़े रहते हैं। मंगलवार को उन्होंने एक्स पर #AskSRK सेशन किया। एक फैन ने उनकी चर्चित बालकनी को लेकर मजाकिया अंदाज में लिखा कि अगर वह वहां आकर फैंस का अभिवादन नहीं कर रहे हैं तो मन्नत बेच देनी चाहिए। शाहरुख के जन्मदिन और दूसरे खास मौकों पर फैंस उनके घर के बाहर बड़ी संख्या में जुटते हैं। अभिनेता भी मन्नत की बालकनी से हाथ हिलाकर उनका अभिवादन करते रहे हैं।

## बोले- नई गैलरी बना रहा हूं, अब और भी चमकूंगा

फैन के कमेंट पर शाहरुख ने अपने अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह मन्नत में नई गैलरी बनवा रहे हैं और अब उसी गैलरी से फैंस को नजर आएंगे। शाहरुख ने लिखा, ह्यअब नई गैलरी बना रहा हूं ना तो और भी चमकूंगा नई गैलरी पर। साथ ही, उम्मीद है कि मेरे पास पकड़ने के लिए कुछ सहारा भी होगा।




## रेनोवेशन के चलते 60वें जन्मदिन पर बालकनी में नहीं आए थे

मन्नत में लंबे समय से रेनोवेशन का काम चल रहा है। इसी वजह से शाहरुख अपने 60वें जन्मदिन पर घर की बालकनी में आकर फैंस का अभिवादन नहीं कर पाए थे। उन्होंने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए फैंस से माफी भी मांगी थी। अभिनेता के मुताबिक, रेनोवेशन के दौरान उनके लिए नई गैलरी तैयार की जा रही है।


## किंग की रिलीज डेट नहीं बदली, 24 दिसंबर को आएगी फिल्म

#AskSRK सेशन में शाहरुख ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म किंग को लेकर फैंस को अपडेट दिया। उन्होंने साफ किया कि फिल्म 24 दिसंबर 2026 को ही रिलीज होगी। इसकी रिलीज डेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एक फैन ने फिल्म के ट्रेलर और दूसरे अपडेट्स को लेकर सवाल किया तो शाहरुख ने कहा कि फिल्म की रिलीज में करीब 100 दिन बाकी हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म से जुड़े सभी जरूरी अपडेट 24 दिसंबर से पहले सामने आएंगे।




## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ





## जोक्स

एक अक्षर गलत होने की वजह
से एक किताब की 10 लाख कॉपियां
दो दिन में ही बिक गईं...!
दरअसल, ये गलती उस किताब के
टाइटल में हो गई थी...
किताब का नाम था - 'एक आइडिया जो आपकी लाइफ
बदल दे' और गलती से
हो गया - 'एक आइडिया जो आपकी
वाइफ बदल दे...!

000

आज का ज्ञान
आदमी चाहे जितना भी बड़ा और
समझदार हो जाए..लेकिन...
.वो सीधे पैर और उल्टे पैर के
मोजों में कभी फर्क नहीं बता सकता...!!!

000



## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. सरस्वती-3
3. किनारा, तट-3
5. मूल्य, कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध, व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन, मातहत-3
12. संज्ञा, संबोधन-2
13. मार्ग, रास्ता-2
14. तीर्थ, धार्मिक यात्रा-3
16. धुन, आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार, अनपढ़-3

**ऊपर से नीचे**

1. संध्या, सांझ-2
2. असुर, दैत्य-3
3. शोरबा, रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश, एडमिट-3
7. वर यात्रा, दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम, साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी, रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई, सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी, दीवान-3
19. रवैया, तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता, लतिका-2

## माथा पच्ची



**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में 10 तीर्थ स्थलों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

---

हरिद्वार, बद्रीनाथ, मथुरा, रामेश्वरम, माता वैष्णोदेवी, शिरडी, उज्जैन, तिरुपति, द्वारिका, कामाख्या

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 5 | 4 | 3 | | 1 |
| 2 | 39 | | 29 | | 26 | |
| | | 7 | 1 | 2 | | 4 |
| 4 | 30 | | 25 | | 34 | |
| | 2 | 3 | | 5 | 6 | |
| 6 | 30 | | 39 | | 35 | 3 |
| | 5 | | 6 | 7 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**माथा पच्ची का हल**



**अष्टयोग का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 35 | 1 | 26 | 6 | 28 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 32 | 4 | 32 | 4 | 32 | 4 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 35 | 7 | 35 | 7 | 38 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |

**शब्दजाल का हल**



## सूडोकू नवताल-

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## दिल्ली यूनिवर्सिटी के सत्यवती कॉलेज के दो छात्र गुटों में झड़प, 2 गाड़ियों में तोड़फोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली के भारत नगर इलाके में मंगलवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी के सत्यवती कॉलेज के दो छात्र गुटों के बीच झड़प हो गई। यह घटना वजीरपुर गांव के पास हुई, जिसमें दो गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस के मुताबिक, झड़प में सत्यवती कॉलेज के अंश और भविष्य चौधरी शामिल थे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां दो क्षतिग्रस्त गाड़ियां मिलीं। क्राइम टीम और फोरेंसिक साइंस लैब की टीम ने घटनास्थल की जांच कर सबूत जुटाए। दिल्ली पुलिस ने बताया कि टछउ रिपोर्ट और शुरूआती जांच के आधार पर कानून के मुताबिक जरूरी कार्रवाई की जा रही है।

## हैदराबाद के प्ले स्कूल में लगी आग, दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

**हैदराबाद।** हैदराबाद के आईएस सदन इलाके में बुधवार को एक प्ले स्कूल में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। अधिकारियों के मुताबिक, घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने की वजह अभी पता नहीं चल सकी है। अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की जानकारी का इंतजार है। इससे पहले सोमवार सुबह हैदराबाद के पुप्पलगुडा इलाके में एक फूड स्टॉल में आग लगी थी। बताया गया था कि गैस सिलेंडर में विस्फोट के बाद आग लगी थी। इस घटना में भी कोई हताहत नहीं हुआ था।

## दिल्ली के कनॉट प्लेस में ट्रैफिक सिग्नल का खंभा गिराः एक बच्चे समेत 2 लोग घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके में मंगलवार को आउटर सर्किल पर लगा ट्रैफिक सिग्नल का खंभा अचानक सड़क पर गिर गया। इसकी चपेट में एक ऑटो और स्कूटी सवार आ गए। हादसे में स्कूटी सवार युवक और ऑटो में बैठा एक बच्चा घायल हो गया। हादसा मिंटो ब्रिज के पास कनॉट प्लेस आउटर सर्किल पर हुआ। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खंभे में जंग लगने के कारण वह कमजोर हो गया था। इसकी वजह से यह हादसा हुआ। अधिकारियों की जांच के बाद ही हादसे की वास्तविक वजह सामने आएगी।

## तमिलनाडु सीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में राजा व शेखर बाबू पर केस दर्ज

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय पर आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में पुलिस ने डीएमके नेता ए. राजा, और पूर्व मंत्री पीके शेखर बाबू के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं, सीएम का डीप फेक वीडियो बनाने के मामले में राजस्थान के शायाबू खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीपफेक वीडियो में सीएम विजय से कैश मदद लेने को कहा गया था।

## सीएम रेखा गुप्ता ने किया ऐलान- दिल्ली में 10 हजार छात्रों के लिए बनेंगे हॉस्टल

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राजधानी में करीब 10 हजार कॉलेज और यूनिवर्सिटी छात्रों के लिए हॉस्टल बनाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि दूसरे राज्यों से दिल्ली पढ़ने आने वाले छात्रों के लिए सुरक्षित और किफायती आवास की कमी को दूर करने के लिए यह पहल की जा रही है। उन्होंने कहा- विभिन्न सरकारी विभाग हॉस्टल का निर्माण करेंगे और जरूरत पड़ने पर जमीन भी उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार निर्माण और बेहतर रखरखाव में तेजी लाने के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर भी विचार कर रही है।

## इजराइल को 26 हजार करोड़ के हथियार देंगे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रशासन इजराइल को 2.8 अरब डॉलर यानी करीब ?26 हजार करोड़ के हथियार देने की तैयारी कर रहा है। इस पैकेज में करीब 40 हजार भारी बम शामिल हैं। हर बम का वजन 2000 पाउंड यानी करीब 900 किलो है। इन बमों की सप्लाई पर पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 2024 में रोक लगाई थी। प्रस्तावित हथियार पैकेज में 20 हजार ट'84 और 20 हजार इछव-117 बम शामिल हैं। डील अभी फाइनल नहीं हुई है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, कांग्रेस को इसकी अनौपचारिक जानकारी दे दी गई है। 2024 में बाइडेन प्रशासन ने 2,000 पाउंड के इन बमों की एक खेप इजराइल भेजने पर रोक लगा दी थी। उस समय चिंता थी कि गाजा जैसे घनी आबादी वाले इलाके में इनका इस्तेमाल होने पर बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो सकती है। ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद यह रोक हटा दी गई। अब उनका प्रशासन इन्हीं बमों की बड़ी संख्या वाली नई डील की तैयारी कर रहा है।

## अमेरिका में विदेशी छात्रों का नौकरी करना मुश्किल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार विदेशी छात्रों के लिए अमेरिका में पढ़ाई के बाद नौकरी करना महंगा करने की तैयारी कर रही है। पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी करने के लिए छात्रों को करीब 96 लाख रुपए (1 लाख डॉलर) फीस देनी पड़ सकती है। यह फीस ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए प्रस्तावित है। डढळ के तहत विदेशी छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका में नौकरी करने की अनुमति मिलती है। इस प्रस्ताव को व्हाइट हाउस की मंजूरी मिल चुकी है। हालांकि, अभी यह नियम लागू नहीं हुआ है। लागू करने से पहले लोगों और संस्थानों से इस पर आपत्तियां और सुझाव मांगे जाएंगे। डढळ यानी ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग अमेरिका में पढ़ाई करने वाले विदेशी छात्रों को डिग्री पूरी करने के बाद काम करने की अनुमति देता है।

### अर्थशास्त्र की पढ़ाई से फिल्म निर्माण तक पहुंचीं

# 21 साल की अनुप्रिया नागर ने रचा नया इतिहास

### नीम करौली बाबा की कथा को युवाओं तक पहुंचाने का बनाया माध्यम हनुमान अंश

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

उम्र महज 21 वर्ष। पढ़ाई अर्थशास्त्र की। विदेश में शिक्षा और काम का अनुभव। न फिल्म निर्माण की कोई पुरानी पारिवारिक पृष्ठभूमि और न ही पहले से फिल्म बनाने का कोई अनुभव। इसके बावजूद एक युवा लड़की ने भारतीय अध्यात्म की एक महत्वपूर्ण कथा को बड़े पर्दे तक पहुंचाने का साहस किया और हनुमान अंश जैसी फिल्म के निर्माण से देशभर में चर्चा में आ गई। यह कहानी है अनुप्रिया नागर की, जिन्होंने नीम करौली बाबा के जीवन और उनके आध्यात्मिक संदेश से प्रेरित फिल्म हनुमान अंश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फिल्म 7 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई और शुरूआती दौर के बाद दर्शकों की बढ़ती रुचि के कारण चर्चा में आ गई।




### जब फिल्म निर्माण का अनुभव नहीं था

अनुप्रिया के लिए यह आसान फैसला नहीं था। वे स्वयं फिल्म उद्योग की अनुभवी निमार्ता नहीं थीं। इसके बावजूद उन्होंने इस विषय को लेकर जोखिम उठाया। मीडिया को दिए गए उनके बयानों के अनुसार फिल्म बनाने का उद्देश्य केवल व्यावसायिक सफलता हासिल करना नहीं था। उनका मुख्य उद्देश्य नीम करौली बाबा की कथा और उनके संदेश को अधिक से अधिक लोगों, विशेषकर युवाओं तक पहुंचाना था। यही बात इस पूरी कहानी को अलग बनाती है—एक अर्थशास्त्र की छात्रा ने एक आध्यात्मिक संत की जीवनगाथा को सिनेमा के माध्यम से प्रस्तुत करने का निर्णय लिया।

### अपनी बचत तक लगा दी

हनुमान अंश के निर्माण में अनुप्रिया के व्यक्तिगत आर्थिक योगदान की भी चर्चा हुई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार उन्होंने ब्रिटेन में काम करते हुए बचाई गई अपनी राशि फिल्म में लगा दी। फिल्म का बजट करीब दो करोड़ रुपये बताया गया है। बाद की रिपोर्टों में अनुप्रिया ने अपनी बचत फिल्म में लगाने की बात कही है। यानी जिस उम्र में अधिकांश युवा अपनी पढ़ाई और रोजगार की शुरूआत कर रहे होते हैं, उस उम्र में अनुप्रिया ने अपनी जमा पूंजी एक ऐसी फिल्म में लगा दी, जिसका विषय व्यावसायिक मनोरंजन के बजाय अध्यात्म और संत जीवन था।

### कला से मिली कहानी कहने की दृष्टि

अनुप्रिया की कहानी में एक और महत्वपूर्ण पहलू कला है। वे कला से जुड़े वातावरण में पली-बढ़ीं और बचपन से कला प्रदर्शनियों से जुड़ी रहीं। बाद में विदेश में पढ़ाई के दौरान भी रचनात्मक और सामाजिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी रही। इस पृष्ठभूमि ने संभवतः उन्हें कहानी और दृश्य माध्यम के महत्व को समझने में मदद की। अर्थशास्त्र ने जहां विश्लेषण और निर्णय की दृष्टि दी, वहीं कला ने अभिव्यक्ति का माध्यम दिया। हनुमान अंश में इन दोनों संसारों का मेल दिखाई देता है।

### युवा पीढ़ी के लिए अलग संदेश

अनुप्रिया नागर की कहानी का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि उन्होंने एक ऐसी कथा को चुना, जिसका केंद्र भारतीय अध्यात्म है, लेकिन माध्यम आधुनिक सिनेमा है। आज की युवा पीढ़ी मोबाइल, इंटरनेट और वैश्विक संस्कृति से लगातार जुड़ी हुई है। ऐसे समय में भारतीय संतों, आध्यात्मिक परंपराओं और उनके संदेशों को आधुनिक माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास एक अलग तरह का सांस्कृतिक संवाद बनाता है।

### दो करोड़ से शुरू हुई चर्चा

फिल्म के बजट और कमाई को लेकर अलग-अलग समय पर अलग-अलग आंकड़े सामने आए हैं। सितंबर में प्रकाशित रिपोर्टों में फिल्म की कमाई 100 करोड़ रुपये से ऊपर पहुंचने की जानकारी दी गई और बाद की रिपोर्टों में यह आंकड़ा 190 करोड़ तथा 200 करोड़ रुपये से अधिक तक बताया गया। अलग-अलग तारीखों के आंकड़ों में अंतर होने के कारण इन्हें संबंधित तारीख और स्रोत के साथ ही प्रकाशित करना उचित होगा। लेकिन आंकड़ों से अलग फिल्म की सबसे बड़ी चर्चा इस बात को लेकर हुई कि इतने कम बजट और एक युवा निमार्ता के प्रयास से बनी आध्यात्मिक विषय की फिल्म को दर्शकों का इतना ध्यान मिला।

### अनुप्रिया नागर का योगदान

हनुमान अंश में अनुप्रिया नागर का योगदान केवल धन लगाने तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने उस विचार को आगे बढ़ाया, जिसके पीछे नीम करौली बाबा की कथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का उद्देश्य था। एक युवा अर्थशास्त्र छात्रा का संत जीवन पर फिल्म बनाने का निर्णय, अपनी बचत को इसमें लगाना, लंबे समय तक विषय पर शोध करना और फिर उसे दर्शकों तक पहुंचाना—यह पूरा सफर अपने आप में एक अलग कहानी बन गया है।

### और फिर कैंची धाम पहुंचकर बाबा के दरबार में माथा टेका

अनुप्रिया नागर की कहानी इस बात का उदाहरण है कि कभी-कभी किसी विषय की खोज जीवन की दिशा बदल देती है। एक शैक्षणिक कार्य के दौरान शुरू हुई खोज उन्हें भारत के एक महान संत की कथा तक ले गई और उसी कथा ने उन्हें फिल्म निर्माण के क्षेत्र में ला खड़ा किया। ह्यहनुमान अंशह्न इसलिए केवल एक फिल्म की कहानी नहीं है। यह एक युवा मन की उस यात्रा की कहानी भी है, जिसमें विदेश की पढ़ाई, आधुनिक शिक्षा, कला, भारतीय अध्यात्म और सिनेमा एक साथ जुड़ गए।

### मुंबई से ब्रिटेन और फिर भारतीय अध्यात्म तक

उपलब्ध सार्वजनिक जानकारी के अनुसार अनुप्रिया नागर का जन्म मुंबई में हुआ और उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए ब्रिटेन का रुख किया। वहां उन्होंने अर्थशास्त्र की पढ़ाई की। उनके जीवन में कला और रचनात्मकता की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बताया जाता है कि वे कला से जुड़े परिवार में पली-बढ़ीं और बचपन से ही कला प्रदर्शनियों और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ी रहीं। यही माहौल आगे चलकर उनके भीतर कहानी कहने और रचनात्मक अभिव्यक्ति की रुचि का आधार बना। लेकिन अर्थशास्त्र पढ़ रही इस युवा छात्रा की जिंदगी में एक ऐसी घटना हुई, जिसने उसके भविष्य की दिशा ही बदल दी।

### स्टीव जॉब्स से शुरू हुई खोज नीम करौली बाबा तक पहुंची

ब्रिटेन में अर्थशास्त्र की पढ़ाई के दौरान अनुप्रिया एक शैक्षणिक कार्य के लिए एप्पल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स के जीवन पर शोध कर रही थीं। इसी दौरान उन्हें स्टीव जॉब्स के भारत आने और नीम करौली बाबा से जुड़े उनके अनुभवों के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद अनुप्रिया ने नीम करौली बाबा के जीवन और उनके विचारों को समझने के लिए गंभीरता से अध्ययन शुरू किया। उन्हें यह बात विशेष रूप से प्रभावित करने वाली लगी कि भारत की एक महान आध्यात्मिक परंपरा से जुड़े संत के बारे में उन्हें जानकारी विदेश में बैठकर मिली। यहीं से एक विचार ने जन्म लिया—नीम करौली बाबा की कहानी नई पीढ़ी तक पहुंचनी चाहिए। अनुप्रिया और उनकी टीम ने बाबा के जीवन पर लगभग एक वर्ष तक शोध किया। इसी शोध ने आगे चलकर ह्यहनुमान अंशह्न के निर्माण का रास्ता तैयार किया।

### हनुमान अंश में क्या है?

हनुमान अंश नीम करौली बाबा के जीवन और आध्यात्मिक यात्रा से प्रेरित फिल्म है। फिल्म में बाबा के जीवन, भगवान हनुमान के प्रति उनकी भक्ति और उनके आध्यात्मिक संदेश को केंद्र में रखा गया है। फिल्म की कथा का उद्देश्य केवल एक संत की जीवनी प्रस्तुत करना नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा और भारतीय आध्यात्मिक परंपरा को नई पीढ़ी के सामने आधुनिक माध्यम से रखना भी बताया गया है। यही कारण है कि फिल्म की चर्चा केवल मनोरंजन जगत तक सीमित नहीं रही और इसके साथ कैंची धाम तथा नीम करौली बाबा से जुड़ी आस्था भी लगातार चर्चा में रही।

### सफलता के बाद भी अध्यात्म से जुड़ाव

फिल्म की चर्चा बढ़ने के बाद अनुप्रिया नागर स्वयं भी आध्यात्मिक स्थलों पर पहुंचीं। सितंबर में वे उत्तराखंड के प्रसिद्ध कैंची धाम पहुंचीं, जहां उन्होंने बाबा नीम करौली महाराज के दर्शन किए और हनुमान चालीसा का पाठ किया। उनके साथ परिवार और सहयोगी भी मौजूद थे। इसके बाद हरिद्वार में उन्होंने दक्षिण काली मंदिर में पूजा-अर्चना की और संतों से आशीर्वाद लिया। फिल्म की सफलता के संदर्भ में भी उन्होंने संतों और ईश्वर के प्रति आस्था व्यक्त की।

### जाति और समाज को लेकर क्या जानकारी?

अनुप्रिया नागर के नाम के आधार पर उनकी जाति निर्धारित करना उचित नहीं है। उपलब्ध प्रमुख सार्वजनिक स्रोतों में उनकी जाति के संबंध में स्पष्ट और प्रमाणित जानकारी नहीं मिलती। इसलिए उन्हें किसी विशेष जाति या समाज से जोड़कर लिखना तब तक उचित नहीं होगा, जब तक स्वयं अनुप्रिया या उनके परिवार की ओर से इसकी पुष्टि उपलब्ध न हो। नागर उनके नाम का हिस्सा है, लेकिन केवल उपनाम के आधार पर जातीय पहचान तय नहीं की जा सकती।

## मणिपुर में 2 कुकी महिलाओं की गोली मारकर हत्या, फार्महाउस जलाए

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

मणिपुर के तामेंगलोंग जिले के लीसांगफाई गांव में मंगलवार को दो कुकी महिलाओं की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके अलावा कई फार्महाउसों में आग लगा दी गई।

राज्य सरकार ने विधानसभा में बताया था कि 3 मई 2023 को जातीय हिंसा शुरू होने के बाद अगस्त तक कम से कम 306 लोगों की मौत हुई है, जबकि 49 लोग अब भी लापता हैं। मृतकों की पहचान किमजालहाई सिंगसोंग और फलनैचोंग सितल्हो के रूप में हुई है। दोनों इसी गांव की रहने वाली थीं। फलनैचोंग खेत में लकड़ियां बटोर रही थीं, तभी उन्हें गोली मार दी गई। वहीं, नर्सिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद किमजालहाई हाल ही में गांव लौटी थीं और माता-पिता की खेती में मदद कर रही थीं। इससे तीन दिन पहले, 13 सितंबर को तामेंगलोंग के टोलेन और नोनी के लोंगपी गांव में अलग-अलग घटनाओं में 4 कुकी लोगों की हत्या हुई थी। इनमें एक दंपती भी शामिल था।

इस साल फरवरी में नागा और कुकी समुदायों के बीच शुरू हुए नए संघर्ष में अब तक दोनों पक्षों के कम से कम 40 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, कांगपोकपी जिले के चावांगकिनिंग नागा गांव में मंगलवार रात संदिग्ध उग्रवादियों ने हमला किया। इस दौरान दो घरों को जला दिया गया। उग्रवादियों और उपद्रवियों के बीच करीब 6 घंटे तक रुक-रुककर फायरिंग हुई। अधिकारियों के मुताबिक, रात करीब 10:30 बजे बड़ी संख्या में हथियारों से लैस उग्रवादियों ने गांव पर हमला किया। इससे कुछ घंटे पहले तामेंगलोंग जिले के लीसांगफाई में दो कुकी महिलाओं की गोली मारकर हत्या की गई थी। कुकी-जो काउंसिल ने कुकी बहुल जिलों के नागरिक संगठनों से कहा है कि नागा हथियारबंद समूहों द्वारा मारे गए कुकी लोगों के शवों को दफन न किया जाए।

## ऑनलाइन सट्टे का 10 लाख करोड़ का बाजार, बैन के बावजूद डेढ़ करोड़ के दांव रोज लग रहे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कानून सख्त होने के बावजूद इसका बाजार खत्म नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश में इसका अवैध बाजार करीब 10 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। कानून से बचने के लिए प्लेटफॉर्म विदेश शिफ्ट किए गए हैं। सट्टेबाजी चलाने के लिए म्यूल बैंक खाते, टेलीग्राम समूह, नए डोमेन और विदेशी सर्वर का इस्तेमाल किया जा रहा है।



रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 15 अवैध ऑनलाइन सट्टा प्लेटफॉर्म पर 540 करोड़ से ज्यादा विजिट दर्ज हुईं। यानी औसतन हर दिन करीब 1.48 करोड़ बार इन मंचों तक पहुंच बनाई गई। वहीं, 854 इन्फ्लुएंसर भी सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के प्रचार में शामिल मिले।

संसद ने 2025 में ऑनलाइन मनी गेम पर रोक लगाने वाला कानून पारित किया। यह 1 मई 2026 से प्रभावी है। कानून लक या कौशल, दोनों तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी, उनके प्रचार और भुगतान सुविधा पर रोक लगाता है। इसके बावजूद निजी मैसेजिंग समूह, सरोगेट विज्ञापन, इन्फ्लुएंसर और एजेंट विदेश से चलने वाले सट्टेबाजी मंचों तक यूजर्स को पहुंचा रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में 8 करोड़ वयस्क सट्टे की लत से जूझ रहे हैं। इसका असर सिर्फ सट्टा खेलने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। हर यूजर से औसतन 6 लोग प्रभावित होते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 60% यूजर पैसे हारते हैं। इससे इलाज और पढ़ाई प्रभावित हो सकती है और इसका असर पीढ़ियों तक रह सकता है। ऑनलाइन गेमिंग में पैसे वाले खेलों के दौरान भ्रामक डिजाइन, लत बढ़ाने वाले एल्गोरिदम, बॉट और एजेंट का इस्तेमाल किया जाता है।

# बिहार में 50 लाख लोग बाढ़ में घिरे, उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में लैंडस्लाइड

### यूपी के लखीमपुर में 7 मकान नदी में बहे; मध्यप्रदेश-राजस्थान में अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

बिहार के 15 जिलों की 575 पंचायतों में करीब 50 लाख की आबादी अभी भी बाढ़ के पानी से घिरी हुई है। कटिहार में सरकारी स्कूल और कोचिंग सेंटर बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। बच्चे नाव में बैठकर पढ़ रहे हैं। प्रदेश के 26 जिलों बारिश का यलो अलर्ट है। आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है।

यूपी में बारिश से नदियां उफान पर हैं। 26 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। करीब 4 लाख की आबादी प्रभावित है। वहीं, लखीमपुर में शारदा नदी का कटान तेज होने से 24 घंटे में 7 मकान नदी में समा गए हैं। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के आदि कैलाश मार्ग पर दोबाट में लैंडस्लाइड से सड़क फिर बंद हो गई। रुद्रप्रयाग में केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा के पास सुरक्षा के मद्देनजर यात्रियों को हेलमेट पहनाकर भेजा जा रहा है। चार दिन पहले लैंडस्लाइड में कई घोड़े-खच्चर मारे गए थे। रास्ते में पड़े शवों से बदबू और सांस लेने में परेशानी की शिकायतें सामने आ रही हैं।

राजस्थान के 26 जिलों में 17 सितंबर तक बारिश का यलो अलर्ट है। मंगलवार को अजमेर, पाली समेत कुछ अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं, मध्य प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में 17 से 19 सितंबर तक और 18 से 21 सितंबर तक पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है।



यूपी में मानसून अभी सक्रिय है। मौसम विभाग ने बुधवार को 56 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, बारिश से नदियां उफान पर हैं। 26 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। करीब 4 लाख की आबादी प्रभावित है। सिद्धार्थनगर में बारिश के बीच दीवार भरभराकर गिर गई। मध्य प्रदेश में भारी बरसात का एक और दौर आ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक 19 सितंबर के बाद नया सिस्टम एक्टिव होगा। यदि सिस्टम स्ट्रॉन्ग रहा तो प्रदेश की बारिश का कोटा फुल हो सकता है।

### केदारनाथ यात्रा फिर शुरू, बिना हेलमेट एंट्री नंहीं

केदारनाथ यात्रा फिर से शुरू हो गई है। चीरवासा के पास क्षतिग्रस्त रास्ते से अब 200-200 यात्रियों को सुरक्षित आगे भेजा जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए बिना हेलमेट किसी को भी आगे जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। चीरवासा में करीब 100 मीटर का क्षेत्र डेंजर जोन में आता है। यहां कभी भी लैंडस्लाइड होने का खतरा बना हुआ है। वहीं, बिहार में 15 जिलों में 49.67 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य की 5 नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 22 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने यूपी के 72 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में 17 सितंबर तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। हरियाणा के 8 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। पंजाब के 18 जिलों में आज बारिश की संभावना है।

■ वर्ष-12 अंक-313 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

**हस्तस्य भूषणम दानम, सत्यं कंठस्य भूषणं।**
**श्रोतस्य भूषणं शास्त्रम, भूषनै :किं प्रयोजनम।।**

**भावार्थ** : हाथ का आभूषण (गहना) दान है, गले का आभूषण सत्य है, कान की सुंदरता शास्त्रों को सुनने से है, अन्य आभूषणों की क्या आवश्यकता है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 16 सितम्बर, 2026

**अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।**
**चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलं।।**

**भावार्थ** : जो व्यक्ति बड़ों का सम्मान करता है और नियमित रूप से बड़ों की सेवा करता है, उसकी आयु, ज्ञान, प्रसिद्धि और शक्ति में चार चीजें बढ़ती हैं।

## सम्पादकीयम्

### प्रतिनिधि प्रतिमा

अधिककष्टस्य सामना भवति पूर्वं मार्चमासे मेटा-नगरे अपि ३५०० कोटिभ्यः अधिकं दण्डः कृतः आसीत्। अवैध सामग्री। बालकानां सामाजिकमाध्यमानां कियत् परिमाणेन उपयोगः करणीयः इति विषये वैश्विकविमर्शः अस्ति, अनेके देशाः विशिष्टानि आयुःसीमाः कार्यान्विताः सन्ति। परन्तु तत्सहचरः एकः महत्त्वपूर्णः विषयः अस्ति यत् सामाजिकमाध्यमकम्पनीनां मनमानाप्रथानां निवारणस्य आवश्यकता वर्तते। भारते मेटा अपि विवादेषु उलझितः अस्ति; पीएम नरेन्द्रमोदी इत्यस्य विडियो फेसबुकात् निष्कासितस्य अनन्तरं कम्पनी क्षमायाचनां कृतवती। एषा तान्त्रिकदोषः भवितुम् अर्हति, परन्तु संस्था एव सशुल्कप्रचारद्वारा अवैधसामग्रीप्रचारं स्वीकृतवती अस्ति। अस्मिन् वर्षे जुलैमासे केन्द्रसर्वकारेण अपि एतस्य विषये सूचना जारीकृता आसीत्। प्रतिबन्धः समाधानं न भवति। अमेरिकीन्यायालयेन मेटा इत्यस्मै आगामिषु पञ्चवर्षेषु अनेकाः सुरक्षापरिपाटाः कार्यान्वितुं आदेशः दत्तः। अङ्कीयजगत् कस्मिन् अपि देशे एव सीमितं नास्ति इति दृष्ट्वा अन्यत्र अपि एतादृशानि पदानि ग्रहीतुं शक्यन्ते स्म। तथापि अवश्यं ज्ञातव्यं यत् साक्षात् प्रतिबन्धः उत्तरं न भवति; यत् आवश्यकं तत् उत्तरदायित्वं नियन्त्रणं च। एते मञ्चाः बालकानां कृते व्यसनं जनयितुं जानीतेव निर्मिताः आसन्। नाबालिकानां यौनशोषणात् रक्षणं कर्तुं अपि कम्पनी असफलतां प्राप्तवती। अमेरिकादेशे दण्डः आरोपितः। न्यू मेक्सिको न्यायालयेन स्वीकृतं यत् सामाजिकमाध्यममञ्चाः बालानाम् कल्याणाय हानिकारकाः सन्ति।

ब्रिक्स-शिखर-सम्मेलनात् पूर्वं प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी-रूस-राष्ट्रपतिव्लादिर्मी-पुटिन्-योः नूतनदिल्लीनगरे द्विपक्षीयसमागमः अभवत्

# मोदी-पुटिन्-योः मिलनं; पीएम राष्ट्रपतिं आलिंग्य पुस्तकं प्रस्तुतं करोति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

शुक्रवासरे १८ तमे ब्रिक्स-शिखर-सम्मेलनात् पूर्वं प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी-रूस-राष्ट्रपतिव्लादिर्मी-पुटिन्-योः नूतनदिल्लीनगरे महत्त्वपूर्णो द्विपक्षीयसमागमः अभवत्। द्वौ नेतारौ विभिन्नक्षेत्रेषु सहकार्यं वर्धयितुं चर्चां कृतवन्तौ-यत्र रक्षा, ऊर्जा, अन्तरिक्षं, व्यापारः, जनसम्बन्धः च सन्ति-तथा च पश्चिम एशियायां कृष्णसागरक्षेत्रे च प्रचलन्तः संघर्षाः।

समागमस्य आरम्भः द्वयोः नेतारयोः मध्ये उष्णं आलिंगनेन अभवत्। एतेन तेषां वर्षस्य द्वितीयः समागमः भवति; प्रधानमन्त्री मोदी राष्ट्रपतिं पुटिन् इत्यस्मै तिरुक्कुराल इत्यस्य रूसीभाषायाः संस्करणं प्रदत्तवान्, यस्य लेखकः महान् तमिलकविः दार्शनिकः च तिरुवल्लुवरः अस्ति। ग्रन्थे कृषि-कृषक-सम्बद्धानां विषयाणां विस्तृत-अन्तर्दृष्टिः प्रदत्ता अस्ति।

सूत्रानुसारं नेतारः राजनैतिक-आर्थिक-रक्षा, ऊर्जा, अन्तरिक्ष-गतिशीलता, जन-जन-सम्बन्धः इत्यादिषु विविधक्षेत्रेषु द्विपक्षीय-सहकार्यस्य प्रगतेः समीक्षां कृतवन्तः रेलमार्गे सुरङ्गनिर्माणक्षेत्रे च औद्योगिकसहकार्यं वर्धयितुं, इस्पातमूल्यशृङ्खलायाः विकासः, व्यापार-व्यापार- अवसरानां विस्तारः, रूसी-विपण्ये भारतीयकम्पनीनां प्रवेशं वर्धयितुं च चर्चाः अभवन् तदतिरिक्तं नागरिकपरमाणुऊर्जासहकार्यं, ईंधनचक्रं जीवनचक्रसमर्थनं च, रूसदेशे कुशलभारतीयकार्यकर्तृणां संख्यां वर्धयितुं, महत्त्वपूर्णखनिजविषये सहकार्यं, उर्वरकक्षेत्रे सामरिकसंयुक्तोद्यमद्वारा साझेदारीसुदृढीकरणं च इत्यादीनां विषयाणां विषये वार्ताः सम्बोधनं कृतम्।



अस्मात् पूर्वं तौ नेतारौ नूतनदिल्लीनगरे २३ तमे भारत-रूस-वार्षिकशिखरसम्मेलनार्थं मिलितवन्तौ। ३१ अगस्तदिनाङ्के बिश्केक-नगरे आयोजितायां बैठक्यां प्रधानमन्त्री मोदी-राष्ट्रपतिपुटिन् च २४ अगस्तदिनाङ्के मास्कोनगरे आयोजितस्य २७ तमे भारत-रूस-अन्तर-सरकारी-व्यापार-आर्थिक-सांस्कृतिक-सहकार्य-आयोगस्य परिणामानां स्वागतं कृतवन्तौ। द्वयोः नेतारयोः २०२६ तमे वर्षे भारतस्य ब्रिक्स-राष्ट्रपतित्वे बहुपक्षीय-मञ्चेषु सहकार्यस्य विषये अपि विचारः कृतः, तथैव २०२६ तमे वर्षे द्वन्द्वविषये अपि पश्चिम एशिया तथा कृष्णसागरप्रदेशः समुद्रीयव्यापारे भारतीयनाविकानां सुरक्षायां च तेषां प्रभावः। प्रधानमन्त्री मोदी पुनः उक्तवान् यत् कस्यापि द्वन्द्वस्य समाधानस्य एकमात्रं मार्गं संवादः कूटनीतिः च अस्ति। प्रधानमन्त्रिकार्यालयस्य (पीएमओ) अनुसारं भूराजनैतिक-अनिश्चिततायाः अभावेऽपि निरन्तरं सुदृढं वर्धमानं भारत-रूस-विशेष-विशेषाधिकारयुक्तं सामरिकं साझेदारीम् अधिकं सुदृढं कर्तुं नियमितरूपेण सम्पर्कं स्थापयितुं द्वयोः नेतारयोः सहमतिः अभवत्।

नीट कृते पेन-एण्ड्-पेपर

# प्रारूपं शीघ्रमेव समाप्तं भविष्यति; देशस्य बृहत्तमः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

राष्ट्रियपात्रता सह प्रवेशपरीक्षायाः कृते एकः प्रमुखः परिवर्तनः क्षितिजे अस्ति। राष्ट्रीयपरीक्षणसंस्थायाः (एनटीए) महानिदेशकः अभिषेकसिंहः सूचितवान् यत् नीट शीघ्रमेव सङ्गणकाधारितपरीक्षारूपेण कर्तुं शक्यते। सः अवदत् यत् सङ्गणकाधारितपरीक्षणं भविष्यस्य प्रतिनिधित्वं करोति, नीट इत्यस्य अस्मिन् प्रणाल्यां संक्रमणार्थं कार्यं प्रचलति। परन्तु कस्मात् वर्षात् अयं परिवर्तनः कार्यान्वितः भविष्यति इति सः न निर्दिष्टवान्।

अभिषेकसिंहस्य मते एनटीएद्वारा क्रियमाणाः प्रायः सर्वाणि प्रमुखपरीक्षाणि पूर्वमेव सङ्गणकाधारितरूपेण स्थापितानि सन्ति, यत्र नीट् इति उल्लेखनीयः अपवादः अस्ति अस्मिन् सङ्गणक-आधारित-प्रणाल्यां अपि नीट इत्येतत् आनेतुं सज्जता अधुना प्रचलति। अस्मिन् क्रमे प्रमुखप्राथमिकतासु परीक्षाकेन्द्राणां क्षमतावर्धनं सुरक्षापरिपाटानां सुदृढीकरणं च अन्तर्भवति।

नीट इत्यस्य प्रमुखाः सज्जताः प्रचलन्ति एनटीए-महानिदेशकः एएनआई-संस्थायाः समीपे भाषमाणः अवदत् यत् नीट् शीघ्रमेव सङ्गणक-आधारित-विधाने संक्रमणं करिष्यति इति। नन्दननिलेकनी इत्यस्य अध्यक्षतायां उच्चस्तरीयः कार्यदलः अस्य लक्ष्यस्य दिशि कार्यं कुर्वन् अस्ति इति अपि सः उल्लेखितवान्।

# हैदराबादतः जबलपुरमार्गेण इन्दौरनगरं प्रति इन्डिगो-विमानं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

डुमना-विमानस्थानके यात्रिकाणां कृते सोमवासरे प्रातःकाले महती असुविधा अभवत् यदा इन्डिगो-विमानेन- हैदराबादतः जबलपुर-मार्गेण इन्दौर-नगरं प्रति गच्छन्त्याः मार्गे-अकस्मात् तकनीकी-अवरोधः अभवत् यद्यपि हैदराबादतः विमानयानं निर्धारितसमये दुमनानगरम् आगतं, प्रातः ९:२० वादने इन्दौरनगरं प्रति प्रस्थानीयम् आसीत् तथापि अन्तिमे समये विकारस्य कारणेन परिचालनं पूर्णतया रद्दं कर्तव्यम् आसीत् विमानसेवायाः एषा आकस्मिकघोषणा टर्मिनल्-स्थाने अराजकतां जनयति स्म। शतशः यात्रिकाणां योजनाकृतयात्राः रद्दाः कर्तव्याः आसन्, तदा केचन यात्रिकाः देहलीमार्गेण इन्दौरनगरं प्रेषयितुं व्यवस्था कृता।

## राशिफल

**मेष** : किसी मित्र के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। सेहत सामान्य रहेगी। आज के दिन सेल्फ लव पर फोकस करना चाहिए।

**वृषभ** : प्रेम संबंधों में स्थिति अच्छी रहेगी। भावनाओं के आधार पर कोई बड़ा फैसला लेने से आज बचना आपके लिए बेहतर होगा।

**मिथुन** : बाहर का खाना खाने से बचें। मेहनत का फल मिलेगा। सीनियर आपकी मेहनत नोटिस करेंगे।

**कर्क** : मन में किसी महत्वपूर्ण बदलाव का विचार आ सकता है, लेकिन उसे तुरंत लागू करना जरूरी नहीं है।

**सिंह** : आपका कैरेक्टर ही आपकी सबसे बड़ी उपलब्धी है। काम में जिम्मेदारी बढ़ेगी और भरोसा भी मिलेगा।

**कन्या** : काम में चल रही जिम्मेदारियों पर ध्यान बनाए रखें। नए काम की शुरूआत कुछ समय के लिए टालना ठीक रहेगा।

**तुला** : किसी बड़े खर्च को लेकर जीवनसाथी के साथ आपकी अनबन हो सकती है। खर्चों पर नजर रखना जरूरी है।

**वृश्चिक** : बेवजह की यात्रा से बचना बेहतर रहेगा। अपने पार्टनर के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताएं। काम पर भी बेहतरीन नतीजे देंगे।

**धनु** : लव लाइफ में सब ठीक रहेगा। फिजूलखर्ची से बचें। रक्तचाप या मुंह से जुड़ी छोटी परेशानी को नजरअंदाज न करें।

**मकर** : व्यापार में सुधार होगा। प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा है, साथ समय बिताने से नजदीकी बढ़ेगी।

**कुंभ** : किसी पुराने मामले को लेकर आपको अपनी बात स्पष्ट करनी पड़ सकती है। प्रेम संबंधों में भरोसा और अपनापन बढ़ेगा।

**मीन** : कभी-कभी मन जल्दी भटक सकता है या गुस्सा आ सकता है, इसलिए बोलते समय थोड़ा संभलकर रहें।

## ज्योतिष/वास्तु

# वर्षों की मेहनत का मिलेगा फल, सितंबर में 5 राशियों को मिल सकता है करियर में बड़ा मौका

ज्योतिषीय दृष्टि से सितंबर में शुक्र, बुध, सूर्य और मंगल जैसे प्रमुख ग्रहों की चाल में बदलाव होने वाला है। वहीं गुरु और शनि की स्थिति भी कार्यक्षेत्र में मेहनत और धैर्य के महत्व को बढ़ाएगी। ऐसे में कुछ राशियों के जातकों को अपने पेशेवर जीवन में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। आइए जानते हैं ये राशियां कौन सी हैं।

सितंबर का महीना कुछ राशियों के जातकों के लिए करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। लंबे समय से मेहनत करने के बावजूद अगर नौकरी में तरक्की, नई जिम्मेदारी या बेहतर अवसर का इंतजार कर रहे हैं, तो इस महीने परिस्थितियां आपके पक्ष में बदल सकती हैं। ज्योतिषीय दृष्टि से सितंबर में शुक्र, बुध, सूर्य और मंगल जैसे प्रमुख ग्रहों की चाल में बदलाव होने वाला है। वहीं गुरु और शनि की स्थिति भी कार्यक्षेत्र में मेहनत और धैर्य के महत्व को बढ़ाएगी। ऐसे में कुछ राशियों के जातकों को अपने पेशेवर जीवन में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। हालांकि, केवल राशि के आधार पर किसी निश्चित परिणाम की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। प्रत्येक व्यक्ति की जन्मकुंडली में ग्रहों की स्थिति अलग होती है और दशा-अंतर्दशा का भी प्रभाव पड़ता है। फिर भी सामान्य ज्योतिषीय गणना के अनुसार सितंबर का महीना इन पांच राशियों के लिए विशेष अवसर लेकर आ सकता है।

**वृषभ राशि–** वृषभ राशि के जातकों को इस महीने अपनी लंबे समय से की जा रही मेहनत का लाभ मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता और काम करने के तरीके पर वरिष्ठ अधिकारियों की नजर पड़ सकती है। किसी पुराने परिचित या संपर्क के माध्यम से नई नौकरी, महत्वपूर्ण जिम्मेदारी या किसी बड़े काम का प्रस्ताव मिल सकता है। जो लोग नौकरी बदलने के बारे में विचार कर रहे हैं, उन्हें जल्दबाजी करने के बजाय उपलब्ध अवसरों की अच्छी तरह जांच करनी चाहिए। सही समय पर लिया गया निर्णय भविष्य में करियर को नई दिशा दे सकता है।

**मिथुन राशि–** मिथुन राशि वालों के लिए सितंबर जिम्मेदारियों में बढ़ोतरी लेकर आ सकता है। कार्यस्थल पर आपको ऐसा काम सौंपा जा सकता है, जो शुरूआत में चुनौतीपूर्ण लगे, लेकिन आगे चलकर आपकी योग्यता साबित करने का अवसर बन सकता है। बुध का प्रभाव बुद्धि, संवाद और निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करने वाला माना जाता है। नौकरी या व्यवसाय से जुड़ी कोई महत्वपूर्ण बातचीत आगे बढ़ सकती है। इस दौरान अपने काम को व्यवस्थित ढंग से पूरा करना और अपनी उपलब्धियों को वरिष्ठ अधिकारियों के सामने उचित तरीके से रखना लाभदायक रहेगा।

**तुला राशि–** तुला राशि के जातकों के लिए सितंबर में कार्यक्षेत्र में पहचान बढ़ने के संकेत हैं। दो सितंबर को शुक्र तुला राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे संबंधों, बातचीत और मेलजोल से जुड़े मामलों में सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। सहकर्मियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल आपको आगे बढ़ने में मदद कर सकता है। नौकरी बदलने की योजना बना रहे जातकों के लिए भी यह समय उपयोगी हो सकता है। यदि कहीं बातचीत चल रही है तो अपनी योग्यता, अनुभव और अब तक किए गए काम को प्रभावी ढंग से सामने रखें।

**वृश्चिक राशि–** वृश्चिक राशि वालों के लिए सितंबर करियर में नई दिशा की शुरूआत कर सकता है। लंबे समय से एक ही तरह के काम से परेशान जातकों के सामने बदलाव का अवसर आ सकता है। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह या मार्गदर्शन से आपको अपने भविष्य को लेकर बेहतर निर्णय लेने में मदद मिल सकती है। नई कला या कौशल सीखने, काम का क्षेत्र बदलने या किसी नए अवसर को स्वीकार करने का विचार भी मजबूत हो सकता है। हालांकि, कोई भी बड़ा निर्णय लेने से पहले उसके दूरगामी परिणामों पर विचार जरूर करें।

**मकर राशि–** मकर राशि के जातकों के लिए सितंबर में कार्यक्षेत्र से जुड़ी बड़ी जिम्मेदारी मिलने के योग बन सकते हैं। लंबे समय से किए गए प्रयासों के कारण वरिष्ठ अधिकारियों का भरोसा बढ़ सकता है और आपको महत्वपूर्ण पद या काम सौंपा जा सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को भी कोई अच्छा अवसर मिल सकता है। वहीं व्यापार करने वाले जातकों के लिए नए लोगों से जुड़ना और नए समझौते करना लाभकारी हो सकता है। अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने पर उसके साथ मिलने वाले पद, मान-सम्मान और तरक्की की संभावनाओं पर भी ध्यान देना जरूरी होगा।

भारत के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा टी-20 हारने वाली टीम बनी अफगानिस्तान

# रोहित शर्मा के क्लब में शामिल हुए संजू सैमसन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। मैच में फिफ्टी लगाने वाले भारतीय ओपनर संजू सैमसन अब रोहित शर्मा के क्लब शामिल हो गए हैं। वे बतौर ओपनर टी-20 में हजार रन बनाने वाले पांचवे भारतीय बन गए।

भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ लगातार 10वां टी-20 मैच जीता। यह भारत का किसी एक टीम के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा टी-20 जीत का रिकॉर्ड है। इसके अलावा मैच में कई इंटरेस्टिंग मोमेंट्स भी देखने को मिले। राशिद खान के एक ही ओवर में अभिषेक शर्मा और सैसमन छक्का लगाने के बाद अगली ही गेंद पर आउट हो गए।

**बतौर ओपनर संजू सैमसन के टी-20 में हजार रन पूरे–** संजू सैमसन टी-20 इंटरनेशनल में बतौर ओपनर हजार रन पूरे करने वाले पांचवे भारतीय बल्लेबाज बन गए। उनके नाम अब 1,026 रन हैं। रोहित शर्मा 3750 रन के साथ इस मामले में पहले स्थान पर हैं।

**भारत से लगातार 10वां टी-20 हारा अफगानिस्तान–** अफगानिस्तान ने एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह भारत के खिलाफ लगातार सबसे ज्यादा टी-20 मैच हारने वाली टीम बन गई है। अफगानिस्तान ने 2010 से 2026 के बीच भारत के खिलाफ लगातार 10 मैच गंवाए हैं।




**बुमराह ने पहला ओवर मेडन डाला-** बुमराह ने मैच के पहले ओवर में कोई रन नहीं दिया। उनके सामने स्ट्राइक ले रहे इब्राहिम जादरान पहली गेंद पर पूरी तरह बीट हो गए। ऐसे ही अगली 5 गेंद पर भी रन नहीं बना। आखिरी गेंद बुमराह ने यॉर्कर डाली, जिसपर जादरान सिर्फ बल्ला ही लगा सके। उन्होंने बैक टू द बॉलर खेला।
**गुरबाज लगातार दूसरे मैच में बिना खाता खोले आउट-** अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज लगातार दूसरे मैच में शून्य पर आउट हुए। दूसरे ओवर में अर्शदीप सिंह ने उन्हें कैच आउट कराया। अर्शदीप सिंह ने ओवर की तीसरी गेंद धीमी और शॉर्ट लेंथ डाली। गुरबाज ने फ्लैट-बैट शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन टॉप-एज लगा और गेंद मिड-ऑन पर गई। वहां खड़े रवि बिश्नोई ने आसानी से कैच कम्प्लीट किया। गुरबाज सिर्फ 3 गेंद खेल सके। पिछले मैच में भी वे 2 गेंद पर बिना रन बनाए आउट हुए थे।

**नबी 2,500 रन और 100 विकेट पूरा करने वाले पहले अफगानी–** मोहम्मद नबी टी-20 इंटरनेशनल में 2,500+ रन बनाने और 100 से ज्यादा विकेट लेने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। साथ ही वे यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले अफगानी क्रिकेट भी हैं। उनके नाम 2,501 रन और 111 विकेट हैं।

# प्रिया सरोज-रिंकू सिंह की शादी 4 दिसंबर को

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह की शादी की तारीख तय हो गई है। दोनों 4 दिसंबर को लखनऊ के रमाडा होटल में शादी के बंधन में बंधेंगे। शादी की तारीख तय होने के बाद से दोनों के परिवार इसकी तैयारियों में जुटे गए हैं। शादी में परिवार के सदस्यों के अलावा करीबी रिश्तेदार और खास मेहमान शामिल हो सकते हैं। रिंकू सिंह भारतीय क्रिकेट टीम के चर्चित खिलाड़ियों में शामिल हैं। वहीं, प्रिया सरोज उत्तर प्रदेश के मछलीशहर से समाजवादी पार्टी की सांसद हैं। 8 जून, 2025 को क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी लखनऊ के 'द सेंट्रम' होटल में हुई थी। तब रिंकू और प्रिया एक-दूसरे का हाथ पकड़कर हॉल में पहुंचे थे। स्टेज पर रिंकू ने प्रिया को रिंग पहनाई, तो वह भावुक हो गईं और फफककर रो पड़ी थीं। इसके बाद दोनों ने हाथ उठाकर प्यार का इजहार किया और सेरेमनी में आए लोगों को थैंक्यू कहा था। इस दौरान प्रिया ने पिंक लहंगा पहना था और रिंकू व्हाइट शेरवानी पहने थे। रिंग सेरेमनी के समय बैकग्राउंड में शाहरुख खान की फिल्म डंकी का गाना ओ माही, ओ माही बज रहा था। रिंग सेरेमनी के बाद रिंकू और प्रिया ने केक काटा और एक-दूसरे को खिलाया था। इसके बाद मेहमानों और परिवारवालों के साथ प्रिया-रिंकू ने जमकर डांस किया था।

# भारत में फॉर्मूला वन रेसिंग दोबारा कराने की तैयारी

## सरकार ने बनाया टास्क फोर्स आखिरी बार 2013 में हुई थी रेस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत में फॉर्मूला वन की वापसी और मोटरस्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए खेल मंत्रालय ने टास्क फोर्स बनाया है। इसमें 10 मेंबर्स शामिल हैं। टास्क फोर्स देश के मोटरस्पोर्ट्स इकोसिस्टम का आकलन करेगी। 2028 में भारत में एफ1 ग्रां प्री कराने की संभावना भी तलाशी जाएगी।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि टास्क फोर्स का मुख्य उद्देश्य देश के मौजूदा मोटरस्पोर्ट्स इकोसिस्टम का आकलन करना है। सबसे बड़ी चुनौती टैक्स से जुड़े उन मुद्दों का हल ढूंढना है, जिनके कारण पहले फॉर्मूला वन भारत से चला गया था। टास्क फोर्स में नीति आयोग के प्रोग्राम डायरेक्टर युगल किशोर जोशी अध्यक्ष होंगे। इसमें जॉइंट सेक्रेटरी कुनाल भी शामिल होंगे। वाणिज्य और पर्यटन मंत्रालयों के जॉइंट सेक्रेटरी भी टीम का हिस्सा होंगे। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट और मद्रास इंटरनेशनल सर्किट के प्रतिनिधि भी इसमें शामिल रहेंगे। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकारों के प्रतिनिधियों को भी टास्क फोर्स में जगह दी गई है। एफएमएससीआई के एक प्रतिनिधि और एक तकनीकी विशेषज्ञ भी टीम का हिस्सा होंगे।



**साल में 24 एफ1 रेस होती है–** फॉर्मूला-1 के मौजूदा कैलेंडर के अनुसार हर साल 24 ग्रां प्री रेस होती है। इनमें से 9 रेस यूरोप में, 8 एशिया में, 5 नॉर्थ अमेरिका में और 1-1 रेस साउथ अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया-ओशियाना में होती है।

**ग्रेटर नोएडा में 3 साल हुआ आयोजन–** भारत में 2011 से 2013 तक तीन साल फॉर्मूर्ला-1 रेस हुई। इसे इंडियन ग्रां प्री के नाम से जाना जाता था। ये रेस ग्रेटर नोएडा के बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट में हुई थी। उस समय सरकार ने एफ1 रेसिंग को खेल मानने से इनकार कर दिया था और इसे एंटरटेनमेंट की कैटेगरी में रखा गया था। एफ1 रेसिंग पर 40% टैक्स लगा दिया गया। इस वजह से 2013 के बाद भारत में यह रेस नहीं हो सकी थी।

**टास्क फोर्स के काम–** टास्क फोर्स मोटरस्पोर्ट्स के विकास के लिए नीतिगत बदलावों की पहचान करेगी। इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर और संचालन से जुड़ी जरूरतों का आकलन शामिल है।

## खबर एक नजर...

### तैराकी प्रतियोगिता में ईओडब्ल्यू निरीक्षक ने जीते 3 मेड़ल



**उज्जैन।** ईओडब्ल्यू ईकाई उज्जैन में पदस्थ निरीक्षक सोनल सिसौदिया ने 11 से 13 सितंबर तक हरियाणा में आयोजित 22 वीं मास्टर्स एक्वेटिक चैंपियनशिप तैराकी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की ओर से भागीदारी की थी। प्रतियोगिता में निरीक्षक ने राष्ट्रीय स्तर पर 100 मीटर, 50 मीटर में 2 रजत पदक और 200 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त कर मध्यप्रदेश ईओडब्ल्यू के साथ उज्जैन ईकाई का नाम रोशन किया। उनके उज्जैन लौटने पर ईओडब्ल्यू स्टॉफ द्वारा बधाई दी गई।

### पड़ोसियों ने किया पथराव, 85 साल की वृद्धा घायल

**उज्जैन।** दीवार बनाने की बात पर उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम पगारा में 2 परिवारों के बीच विवाद हो गया। एक परिवार ने पथराव कर दिया। घटना में 85 साल की बसंताबाई पति मायाराम आंजना घायल हो गई। पोते अर्जुन और पंचायत मंत्री अशोक को भी चोंट आई। पुलिस ने मामले में भैरूसिंह आंजना उसके पुत्र अर्जुन, राहुल और संजय के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्हेल पुलिस के अनुसार दोनों परिवार एक ही समाज के है। पदमसिंह आंजना अपने घर के पीछे दीवार बना रहा था। भैरूसिंह ने विरोध किया और दीवार बनाने से मना करने लगा। उसके द्वारा गाली-गलौच शुरू कर दी गई। पदमसिंह ने सरपंच दशरथ और पंचायत मंत्री अशोक को बुलाया और बताया कि दीवार अपनी जमीन पर बना रहा है। सरपंच-मंत्री ने भी मामला सही पाया। लेकिन भैरूसिंह ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर पथराव कर दिया। जिसमें पदमसिंह की वृद्ध मां, पुत्र और पंचायत मंत्री घायल हो गया। वृद्ध बसंताबाई को गंभीर चोंट होने पर उन्हेल से डॉक्टरों ने उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया है। पुलिस ने भैरूसिंह और उसके तीनों पुत्रों को हिरासत में ले लिया है।

### एमआर-4 मार्ग पर युवक पर चाकू से हमला

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के एमआर-4 मार्ग पर सोमवार-मंगलवार रात पैदल घर लौट रहे नवीन पिता प्रेमनारायण निवासी विश्वबैंक कालोनी पर क्षेत्र के बदमाश अमन सेन ने चाकू से हमला कर दिया। घायल हालत में नवीन चिमनगंज थाने पहुंचा। पुलिस ने उसे उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया और बयान दर्ज किये। नवीन ने बताया कि अमन ने उससे शराब पीने के रुपए मांगे थे, मना करने पर चाकू से हमला किया है। पुलिस के अनुसार अमन की तलाश की जा रही है, वह अपराधिक प्रवृति का है।

### हरदा का युवक उज्जैन में बेच रहा था कच्ची शराब

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना पुलिस ने वाकणकर ब्रिज के पास से दाऊदखेड़ी की ओर जाने वाले मार्ग से हरदा के रहने वाले विजय पिता रामाधार को गिरफ्तार किया है। उसके पास से कच्ची जहरीली शराब से भरी पांच लीटर की केन बरामद की गई। एसआई भूपेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि आरोपी मजदूरी के लिये उज्जैन आया था लेकिन अवैध करोबार में लिप्त हो गया। वह नानाखेड़ा बस स्टेंड पर रात गुजारता था। उसका अपराधिक रिकार्ड पता करने पर हरदा में चोरी, मारपीट के प्रकरण दर्ज होना पाये गये। शराब मिलने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### पुत्री-दामाद की प्रताड़ना से तंग आकर लगाई थी फांसी

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के मानपुरा में रहने वाले जीवन पिता तेजूराम 50 साल ने 15 मार्च को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने उसके पास से सुसाइड नोट बरामद किया था। जिसमें लिखा था कि बड़ी बेटी रेखा, दामाद लाखन और भूरीबाई की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर रहा हूं। वह छोटी बेटी आरती और पुत्र अरविंद की कक्षा 10 वीं की परीक्षा खत्म होने इंतजार कर रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। परिजनों के बयान और सुसाइड नोट के आधार पर सामने आया कि बड़ी बेटी रेखा ने लाखन से प्रेम विवाह कर लिया था। जीवन ने विरोध किया था, जिसके बाद से बेटी-दामाद और भूरीबाई उसे प्रताड़ित करने लगे थे। थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि मामले में बेटी-दामाद और महिला के खिलाफ आत्महत्या के उकसाने का मामला दर्ज किया है।

### दरवाजा तोड़कर स्पोर्ट्स दुकान में चोरों का धावा

**उज्जैन।** रात के अंधेरे में स्पोर्ट्स दुकान का दरवाजा तोड़कर बदमाशों ने धावा बोला और चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की है। खाराकुआ थाना क्षेत्र स्थित बड़ा सराफा क्षेत्र में चैलेंजर्स स्पोर्ट्स की दुकान में रात के समय अज्ञात बदमाशों ने धावा बोला और ऊपरी मंजिल का दरवाजा तोड़कर प्रवेश किया। बदमाशों ने दुकान से पूजा के 5 चांदी के सिक्के, टीशर्ट, एलईडी, रेड़ियों सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। सोमवार सुबह चोरी का पता चलने पर दुकान संचालक अजय पिता गोपालकृष्ण गर्ग निवासी गीता कालोनी ने खाराकुआ थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच के बाद देर रात मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये है। बताया जा रहा है कि बदमाश करीब 1 लाख के लगभग का सामान चुराकर ले गये है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 348-5 | 800-8 |
| मेन बाजार | 224-8 | 490-3 |
| मिलन डे | - | - |
| मिलन नाइट | - | - |

3 7 8

---

#### एनएचएआई की सड़कों पर दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ा, बीते 8 माह में जिले में 271 लोगों की सडक दुर्घटना में मौत, 1301 घायल

# ब्लैक स्पॉट घटे 20 ही शेष, फिर भी सड़क 1388 हादसे हुए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

जिले में सड़क हादसों की तस्वीर अब ब्लैक स्पॉट तक सीमित नहीं रह गई खतरनाक माने जाने वाले ब्लैक स्पाट की संख्या घटकर आधे के करीब हो गई है, इसके बावजूद जिले में 1388 सड़क दुर्घटनाएं पिछले 8 माह में दर्ज की गई हैं। खास यह है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की सड़कों पर दुर्घटनाओं का ग्राफ इस दौरान बढा है।

कभी जिले में स्टेट हाईवे की संख्या खासी थी और उन पर ब्लैक स्पाट की संख्या भी। अब ये ब्लेक स्पाट की संख्या घटकर आधी से कम हो गई है और स्टेट हाईवे के स्थान पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई की सडकें बढ़ गई हैं। पिछले साल तक ही ब्लैक स्पाट की संख्या करीब 40 के लगभग सामने आती थी। इसे लेकर पुलिस ने यांत्रिकी टीम के साथ मैदान में उतरकर ब्लैक स्पाट को सही करवाया था और उससे उक्त स्थलों पर होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण भी हुआ है।

**एनएचएआई मार्गो पर अभी से परेशानी**-इधर सामने आ रहा है कि एनएचएआई मार्ग निर्माण को लेकर भी आपत्तियां सामने आ रही है। हाल ही में बने मार्गों की स्थिति को लेकर सवालिया निशान लगने लगे हैं। हाल ही में सांसद अनिल फिरोजिया ने भी इसे लेकर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी तक को अवगत करवाया है।




### हेलमेट को लेकर नहीं जागरुकता

जिले में सड़क हादसों में जिस गति से बढ़ोतरी हो रही है। उस गति से जागरुक होकर वाहन नहीं चलाए जा रहे हैं। यातायात विभाग के अधिकारियों की माने तो बाइक चालकों के करीष 60 से 65 फीसदी सड़क हादसे होते हैं। ज्यादातर हेलमेट का उपयोग नहीं करते हैं। जिससे सिर पर चोट आती है और मौत हो जाती है। जिससे मौत के आंकड़ों में लगातार वृद्धि हो रही है। हेलमेट लगाने से मौत के आंकड़े बहुत हद तक कम हो सकते हैं। कई वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते हैं। जिससे हादसे हो रहे हैं।

### गरोठ, देवास-बदनावर सहित अन्य मार्ग प्रमुख

वर्तमान में जिले में दुर्घटनाओं की स्थिति एनएचएआई के मार्गों पर निरंतर सामने आ रही है। इनमें गरोठ हाईवे, देवास-बदनावर, इंदौर रोड, उन्हेल मार्ग ही सबसे खतरनाक स्थिति में देखे जा रहे हैं। सामने आ रहे 1388 दुर्घटनाओं के आंकडों में भी इन्हीं मार्गों पर गंभीर दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। 20 ब्लैक स्पाट को लेकर भी वर्तमान स्थिति में इन्हीं मार्गों पर ज्यादा सामने आ रही है।

---

#### महाराष्ट्र की गैंग से 69 ग्राम सोने के कंगन बरामद

# वृद्ध महिला यात्रियों को निशाना बनते थे बदमाश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय वृद्ध महिला यात्रियों के साथ कंगन चोरी करने वाली गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर जीआरपी ने 69 ग्राम के कंगन बरामद किये है। चारों को बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

जीआरपी थाना निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि पिछले 15 दिनों में काचीगुडा एक्सप्रेस, इंदौर-खडकी एक्सप्रेस, नर्मदा एक्सप्रेस और नागदा इंदौर पेसेंजर ट्रेन में उज्जैन स्टेशन प्लेटफार्म पर चढ़ते समय सोने के कंगन चोरी होने के मामले सामने आया थे। लगातार हुई वारदात के बाद बदमाशों का पता लगाने के लिये आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव के साथ प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और एसआई बचानीलाल तिवारी, प्रधान आरक्षक वीर भूपेन्द्रसिंह, संतोषसिंह, करतार यादव, मनोजसिंह परिहार, आरपीएफ प्रधान आरक्षक बुद्धसिंह हाड़ा, मनीराम मीना, आरक्षक लाखन सैनी और नंदसिंह की टीम गठित की गई। फुटेज में कुछ संदिग्ध दिखाई दिये। जिनकी तलाश तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर शुरू की गई। पता चला कि उक्त बदमाश वारदात के फिराक में आये है। तकनीकी लोकेशन के आधार पर चार बदमाशों अभिजीत उर्फ अभि पिता जीतू पंवार, कुणाल पिता सुनील गायकवाड, नरेश पिता विनायक गायकवाड और हुसैन पिता इब्राहिम शेख अंबरनाथ थाना अंबरनाथ जिला ठाणे (महाराष्ट्र) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में चारों ने कंगन चोरी करने की वारदात कबूल कर ली। थाना प्रभारी सुनील गुप्ता के अनुसार बदमाशों की निशानदेही पर 69 ग्राम के कटे कंगन बरामद किये गये है। बदमाशों से चार कटर भी जप्त किये गये है। जिसके माध्यम से वारदात को अंजाम देते थे। चारों से पूछताछ जारी है। बुधवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।



### वृद्ध महिलाओं से मदद के बहाने वारदात

पुलिस पूछताछ में पता चला कि बदमाश महाराष्ट्र से ट्रेन में सवार होकर आते थे। प्लेटफार्म पर भीड़भाड़ के दौरान वह वृद्ध महिलाओं की रैकी करते थे और ट्रेन में चढ़ने के दौरान मदद के बहाने पहुंचते थे और कटर से कंगन काटकर भीड़ में वापस निकल जाते थे। जीआरपी को उनके गिरोह में कुछ ओर सदस्यों के शामिल होने की जानकारी मिली है, जिनका पता लगाने के प्रयास जारी है। चारों बदमाशों से बरामद 69 ग्राम वजनी सोने के कंगन का मूल्य 10 लाख के करीब सामने आया है।

### धार्मिक नगरी के स्टेशनों पर करते थे वारदात

बताया जा रहा है कि चारों बदमाशों के खिलाफ चोरी के कई अपराधिक मामले अन्य राज्यों में होना सामने आया है। बदमाशों की गैंग धार्मिक नगरी में बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान पहुंचतती थी और चोरी को अंजाम देती थी। वारदतों के बाद ट्रेन से वापस महाराष्ट लौट जाते थे। प्रारंभिक पूछताछ में उज्जैन स्टेशन पर की गई चार वारदातों का खुलासा हुआ है।

---

# नौकरी के नाम पर युवती के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

घर बैठे ऑनलाइन ट्युटर की नौकरी दिलाने के नाम पर युवती के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। साइबर हेल्प लाइन पर हुई शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। खाचरौद थाना पुलिस ने बताया कि बी ब्लॉक बद्री फ्लैट में रहने वाली अलेफिया पिता इकबाल ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर ऑनलाइन 42 हजार से अधिक की धोखाधड़ी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। हेल्पलाइन से मामला पुलिस के पास पहुंचा। शिकायत दर्ज कराने वाली युवती अलेफिया के बयान दर्ज किये गये। उसने बताया कि इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन ट्युटर टीचर की नौकरी का विज्ञापन देखा था। जिसमें वेतन 30 हजार बताया गया था। विज्ञापन में दिये नम्बर पर कॉल करने पर बताया गया कि रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 15 सौ रुपए जमा कराने होगें। रजिस्ट्रेशन शुल्क के लिये दूसरे नम्बर से क्यूआर कोड भेजा गया। 15 सौ रुपए का ट्रांजेक्शन करने के बाद लेपटॉप, जीएसटी आईडी, और सामग्री भेजने के लिये 40 हजार 779 रुपए जमा कराये गये। उसके बाद भी उस पर रुपए देने का दबाव बनाया जाने लगा। नौकरी नहीं देने पर जमा किये रुपए वापस लौटाने की बात कहीं तो नम्बर बंद कर लिया गया। पुलिस के अनुसार बयान दर्ज कर मामले में अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।



---

# श्रावण-भादौ मास में सेवा को साधना बनाने वाले कर्मियों का सम्मान



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मुख्यमंत्री के निर्देशन अनुरूप श्रावण-भादौ माह में श्री महाकालेश्वर मंदिर में निरंतर सेवा एवं समर्पण भाव से कार्य करने वाले मंदिर कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, सफाई एवं हाउसकीपिंग कर्मियों का सम्मान किया गया। इन कर्मियों के समर्पित प्रयासों से श्रावण-भादौ में लगभग 1 करोड़ 88 लाख श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित दर्शन कराने में सफलता मिली। इस अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह तथा प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक द्वारा कर्मियों का सम्मान किया गया।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना के अनुरूप श्रावण-भादौ में बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने में मंदिर समिति के कर्मचारियों एवं सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दिव्यांगजन, बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं सहित सभी श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए कर्मचारियों ने तत्परता, संवेदनशीलता और सेवा भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि आगामी सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए इसी सेवा भावना, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं समर्पण के साथ कार्य करना आवश्यक है। बाबा महाकाल के चरणों में सेवा का यह भाव निरंतर बना रहे, यही हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर एवं उप प्रशासक श्रीमती सिम्मी यादव, सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'सिंधी कॉलोनी के राजा' का आगमन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सिंधु सेना द्वारा आयोजित 26वें वर्ष के समारोह में सिंधी कॉलोनी के राजा गजानन का टावर चौक पर भव्य आगमन हुआ। आकर्षक साज-सज्जा, आतिशबाजी और डीजे-ढोल की थाप के साथ भगवान गणेश का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान भारी संख्या में मौजूद शहरवासियों ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया।

टावर चौक पर आगमन के पश्चात गजानन का विशाल चल समारोह शुरू हुआ। यह समारोह टावर से निकलकर तीन बत्ती होते हुए सिंधी कॉलोनी पहुंचा, जहां इसका भव्य स्वागत किया गया। कॉलोनी के मुख्य चौराहे और विभिन्न गलियों से होते हुए चल समारोह झूलेलाल मंदिर के पीछे स्थित पंडाल पर संपन्न हुआ। यहां पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित की गई।

आयोजन समिति के अध्यक्ष किशोर मुलानी और संरक्षक विनोद मुलानी के नेतृत्व में पूरी टीम द्वारा यह आयोजन बीते 26 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। प्रतिमा स्थापना के इस पावन अवसर पर स्थानीय गणमान्य नागरिक, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

#### देवास-उज्जैन हाइवे पर कंटेनर-पिकअप की भिड़ंत

# ताजपुर के युवक की मौत, चालक घायल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

देवास-उज्जैन हाइवे पर सोमवार-मंगलवार रात कंटेनर और पिकअप की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में पिकअप चालक की मौत होना सामने आया है। कंटेनर का चालक भी घायल है, जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

मक्सीरोड ग्राम ताजपुर में रहने वाला श्रीपाल पिता दिलीप कुमवात 40 साल पिकअप चालक था। रात में वह लहसून की उपज लेकर इंदौर जा रहा था। देवास-उज्जैन हाइवे नरवर थाना क्षेत्र के एमआईटी कॉलेज के पास पिकअप को पीछे से तेजगति में आये कंटेनर ने टक्कर मार दी। भिड़ंत होते ही पिकअप पलटी खा गई और श्रीपाल की दबने से मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर नरवर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची। पिकअप चालक की उसके पास मिले दस्तावेजों से पहचान की गई। शव को देवास शासकीय अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन रात में देवास पहुंच गये थे। देवास पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराया। नरवर पुलिस के अनुसार कंटेनर का चालक भी घायल हुआ है। जिसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। वह कंटेनर लेकर हरियाणा से इंदौर जा रहा था।

**दुर्घटना का मार्ग बना उज्जैन-देवास हाइवे-** पिछले कुछ समय से उज्जैन-देवास हाइवे दुर्घटना का मार्ग बना हुआ है। रविवार सुबह भी कार-बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई थी। आये दिन होती दुर्घटना को लेकर मुजाखेड़ी, बोलासा और आसपास के ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया था। उनका कहना था कि हाइवे बनने के बाद से चार पहिया और छह पहिया वाहन तेजगति से दौड़ते है और छोटे वाहन चालकों को टक्कर मारकर भाग निकलते है।

#### पुलिस देख पिकअप छोड़ भागे थे, 2 रिमांड पर

# नाकाबंदी में पकड़ाये भैंस चोरी करने वाले बदमाश


**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

भैंस चोरी में शामिल बदमाशों को पकड़ने के लिये नाकाबंदी की गई। पुलिस को देख पिकअप छोड़कर 2 बदमाश भागने का प्रयास करने लगे। दोनों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने 3 भैंस और एक पाड़ी के साथ चोरी में प्रयुक्त पिकअप जप्त की है।

खाचरौद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि कस्बे में रहने वाले गोवर्धनलाल पाटीदार ने बताया कि ग्राम थडोदा मार्ग पर टीनशेड के बाड़े में बंधी भैंस और पाड़ी अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गये है। बदमाशों ने रेलवे लाइन के पास पर्वतसिंह की 2 भैंस भी चोरी की है। बदमाश लोडिंग वाहन से आये थे। मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया और कस्बे के साथ रतलाम मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें लोडिंग पिकअप दिखाई दी। बदमाशों का पता लगाने के लिये तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली गई। पता चला कि चोरी में देवीसिंह कटारा की गैंग शामिल है। जिसकी लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया गया। 13-14 सितंबर की रात उसके खाचरौद की ओर आने की जानकारी मिलते ही रानीसिंग रावटी स्टेशन रोड पर नाकाबंदी की गई। हरे रंग का पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 45 झेड के 0783 आता दिखाई दिया।

पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसमें सवार 2 लोग कूदकर भाग निकले। जिन्हे पकड़ने के लिये घेराबंदी की गई और देवीसिंह उर्फ देवला पिता झीतू 28 वर्ष, निवासी ग्राम बड़ी संगत थाना थांदला जिला झाबुआ और पिकअप चालक नरेश पिता भूरसिंह 27 वर्ष निवासी ग्राम झपादरा, थाना काकनवानी झाबुआ को हिरासत में लिया गया। दोनों से पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर 3 भैंस और 1 पाड़ी बरामद की गई। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। भैंस चोरी गैंग का सरगना देवीसिंह होना सामने आया है। रिमांड अवधि में उसकी गैंग के साथियों का पता लगाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेंगे।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com